क्रिया	धातु	हिन्दी
গলান [गलानो]	গলা	गलाना
পোতা	পুৎ	गाड़ना
গাওযা (গান করা)	গা, গাহ্	गाना
গণা	গণ্	गिनना
পড়া (পড়িযা যাওয়া)	পড্	गिरना
ফেলা [फैला]	ফেল্ [फेल्]	गिराना
কমা	কম্	घटना
কমান [कमानो]	কমা	घटाना
ব্যাকুল হওয়া	ব্যাকুল হ	घबराना
ঘষা	ঘষ্	घिसना
ঢোকা (প্রবেশ করা)	ঢুক্	घुसना
ঢোকান [ढोकानो]	ঢোকা	घुसाना
ভ্রমণ করা	ভ্রমণ কর্	घूमना
ঘেরা	ঘির্	घेरना
চাখা	চাখ্	चखना
চড়া	চড্	चढ़ना
চড়ান (चड़ानो)	চড়া	चढ़ाना
চিবান (चिबानो)	চিবা	चबाना
জ্বলা (চক চক করা)	জ্বল্	चमकना
চলা, হাঁটা	চল্, হাঁট্	टहलना, चलना
চালান, হাঁটান (हाँटानो)	চালা, হাঁটা	चलाना

ক্রিয়া	ধাতু	हिन्दी
ঝোলান [झोलाना]	ঝুলা	झुलाना
ঝোলা	ঝুল্	झूलना
ঘোরা	ঘুর্	टहलना, घूमना
ভাঙ্গিয়া যাওযা	ভাঙ্গিয়া যা [जा]	टूटना
ঠাসা [ठाशा]	ঠাস্ [ठाश्]	ठूसना
ভয কবা	ভয় কর্	डरना
দংশন করা	দংশন কব্	डसना [साँपका]
হুল ফুটান [फुटानो]	হুল ফুটা	डसना [बिच्छूका]
ডুবান [डुबानो]	ডুবা	डुबाना
ডুবিযা যাওয়া	ডুবিযা যা [जा]	डूबना
ঢাকা	ঢাক্	ढाँपना
ঢালা	ঢাল্	ढालना
খোঁজা	খুঁজ্	ढूँढ़ना
তাকান [ताकानो], চাওয়া	তাকা, চাহ্, চা	ताकना
ভাঙ্গান [भाङानो]	ভাঙ্গা	तुड़वाना
সাঁতাব দেওয়া	সাঁতাব দ্	तैरना [हंसका]
ভাসা [भाशा]	ভাস্ [भाश्]	तैरना [लकड़ीका]
ভাঙ্গা [भाङा]	ভাঙ্গ্	तोड़ना
মাপা [ওজন করা]	মাপ্	तौलना
ক্লান্ত হওযা	ক্লান্ত হ	थकना
থু থু ফেলা	থু থু ফেল্	थूकना

ক্রিয়া	ধাতু	हिन्दी
হাঁচা	হাঁচ্	छींकना
ছাড়ান [छाड़ानो]	ছাড়া	छुड़ाना, छीलना
ছোঁওয়া [छोंवा]	ছুঁ	छूना
ছাড়া	ছাড়্	छोड़ना
জাগান [जागानो]	জাগা	जगाना
জানান [जानानो]	জানা	जताना
জপ করা	জপ কর্	जपना
পোড়া, জ্বলা	পুড়্, জ্বল্ [जल]	जलना
পোড়ান, জ্বালান [जालानो]	পোড়া, জ্বালা [जाला]	जलाना
জাগা	জাগ্	जागना
জানা	জান্	जानना
যাওয়া [जावा]	যা [जा]	जाना
জীবিত করা	জীবিত কর্	जिलाना
জয় করা	জয় কর্	जीतना
বাঁচিয়া থাকা	বাঁচিয়া থাক্	जीना
মেলা [একত্র হওয়া]	মিল্	जुटना
মেলান [একত্র করা] [मैलानो]	মিলা	जुटाना
যোড়া [যোগ করা]	যুড়্ [जुड़्]	जोड़ना
চষা	চষ্	जोतना
ঝগড়া করা	ঝগড়া কর্	झगड़ना
ঝাড়া	ঝাড়্	झाड़ना

ক্রিয়া	ধাতু	हिन्दी
আছড়ান [आछड़ानो]	আছডা	पटकना
পডা [পাঠ কবা]	পড্	पढ़ना
পডান [पड़ानो]	পডা	पढ़ाना
যাচাই করা [जाचाइ करा]	যাচাই কর্	परखना
পবা [পরিধান কবা]	পর্	पहनना
পহুঁছা, পেঁছা	পহুঁছ্, পেঁছ্	पहुँचना
পহুঁছান, পেঁছান [पँउछानो]	পহুঁছা, পেঁছা	पहुँचाना
পাওয়া	পা	पाना
পালন করা	পালন কর্	पालना
পেষাণ [पेषानो]	পিষা, পেষা	पिसाना [गेहूँ या मसाला]
বাটান [बाटानो]	বাটা	पिसाना [मसाला]
পান করা	পান কর্	पीना
খাওয়া [खावा]	খা	पीना, खाना
পেষা	পিষ্	पीसना [गेहूँ या मसाला]
বাটা	বাট্	पीसना [मसाला]
জিজ্ঞাসা করা	জিজ্ঞাসা কর্	पूछना
মোছা	মুছ্	पोंछना
ছিঁড়িয়া যাওয়া	ছিঁড়িয়া যা [जा]	फटना [कपड़ा]
আবদ্ধ হওয়া	আবদ্ধ হ	फँसना
বাঁধা, ফাঁসান [फाँशानो]	বাঁধ্, ফাঁসা	फँसाना, बाँधना
ছেঁড়া	ছিঁড্	फाड़ना
পিছলাইয়া যাওয়া	পিছলাইয়া যা [जा]	फिसलना

क्रिया	धातु	हिन्दी
দেখান [दैखानो] *	দেখা [दैखा]	दिखाना
দেখা [दैखा]	দেখ্ [दैख्]	देखना
দেওয়া [दैवा] *	দ্	देना
দৌড়ান [दउड़ानो]	দৌড়া [दउड़ा]	दौड़ना
ধমকান [धमकानो]	ধমকা	धमकाना
ধোওয়ান [धोवानो]	ধোওয়া	धुलाना
ঠকান [ठकानो]	ঠকা	धोखा देना
ধোওয়া [धोवा]	ধু	धोना
নাচান [नाचानो]	নাচা	नचाना
নামান, নাবান (नाबानो)	নামা	नवाना, उतारना
নাওয়া [नावा]	না	नहाना
নাচা	নাচ্	नाचना
মাপা	মাপ্	नापना [जमीन]
গেলা	গিল্	निगलना
নিংড়ান [निंड़ानो]	নিংড়া	निचोड़ना
ধরা	ধর্	पकड़ना
অনুতাপ করা	অনুতাপ কর্	पछताना

---

* हिन्दी ऐ-कार के उच्चारण के अन्तमे एक य् की ध्वनि निकलती है, उसे छोड़कर उसके प्रथमांश के उच्चारण की तरह ही बंगला के उस विकृत उच्चारण वाले এ [ए-कार] का उच्चारण है।

क्रिया	धातु	हिन्दी
বসান (बशानो)	বসা	बिठाना
বোনা, বুনান (बुनानो)	বুন্, বুনা	बीनना
ডাকান (डाकानो)	ডাকা	बुलवाना
ডাকা	ডাক্	बुलाना
বেচা	বেচ্	बेचना
বসা (बशा)	বস্	बैठना
তাড়ান (ताड़ानो)	তাড়া	भगाना
ভরা	ভর্	भरना
পালান (पालानो)	পালা	भागना
ভিজান (भिजानो)	ভিজা	भिगाना
ভিজা	ভিজ্	भींगना
ভোলান (भोलानो)	ভুলা, ভোলা	भुलाना
ভাজা	ভাজ্	भूनना
ভোলা	ভুল্	भूलना
পাঠান (पाठानो)	পাঠা	भेजना
মরা	মর্	मरना
সারা	সার্	मरम्मत करना, खतम करना, आराम होना
মোচড়ান (मोच्ड़ानो)	মোচড়া	मरोड़ना
মলা (মর্দ্দন করা)	মল্	मलना
চাওয়া (चावा)	চাহ্	माँगना

क्रिया	धातु	हिन्दी
ছোঁড়া (নিক্ষেপ করা)	ছুঁড়্	फेंकना
বিস্তৃত হওয়া	বিস্তৃত হ	फैलना
বিস্তার করা	বিস্তার কর্	फैलाना
বকা	বক্	बकना, गाली देना, धमकाना
বাঁচা	বাঁচ্	बचना
বাঁচান (बाँचानो)	বাঁচা	बचाना
বাজা	বাজ্	बजना
বাজান (बाजानो)	বাজা	बजाना
বাড়া	বাড়্	बढ़ना
বাড়ান (बाड़ानो)	বাড়া	बढ़ाना
বদলান (बद्लानो)	বদলা	बदलना
বানান (बानानो)	বানা	बनाना
বর্ষিত হওয়া	বর্ষিত হ	बरसना
বর্ষণ করা	বর্ষণ কর্	बरसाना
বাস করা (बाश करा)	বাস কর্	बसना
বহা	বহ্	बहना
বাঁধা	বাঁধ্	बाँधना
জ্বালা, জালা	জ্বাল্, জাল্	बालना, सुलगाना
নষ্ট হওয়া	নষ্ট হ	बिगड़ना
নষ্ট করা	নষ্ট কর্	बिगाड़ना
বিছান (बिछानो), পাতা	বিছা, পাত	बिछाना

ক্রিয়া	ধাতু	हिन्दी
শোওয়ান (शोवानो)	শোওয়া	लिटाना
লুণ্ঠন করান, লুঠান (लुठानो)	লুণ্ঠন করা, লুঠা	लुटवाना
প্রলোভিত করা	প্রলোভিত কর্	लुभाना
লুণ্ঠন করা, লুঠা	লুণ্ঠন কর্, লুঠ্	लूटना
শোওয়া (शोवा)	শু	लेटना
লওয়া [लवा]	ল	लेना
পারা	পার্	सकना
লজ্জিত হওয়া	লজ্জিত হ্	सकुचाना
বোঝা	বুঝ্	समझना
বোঝান [बोझानो]	বুঝা	समझाना
সরা [शरा]	সর্	सरकना, हटना
সঙ্কুচিত হওয়া [शंकुचित-ह-]	সঙ্কুচিত হ	सिकुड़ना
সঙ্কুচিত করা	সঙ্কুচিত কর্	सिकोड़ना
শেখান (शेखानो)	শিখা	सिखाना
সিদ্ধ করা (शिद्ध करा)	সিদ্ধ কর্	सिझाना
সেলাই করান (शेलाइ करानो)	সেলাই করা	सिलाना
শেখা, শিখা	শিখ্	सीखना
সেঁচা (সিঞ্চন করা) (शेंचा)	সিঁচ্	सींचना
সিদ্ধ হওয়া (शिद्ध हवा)	সিদ্ধ হ	सीझना
সেলাই করা (शेलाइ करा)	সেলাই কর্	सीना
শোধরান (शोध्रानो)	শুধরা	सुधरना, सुधारना

ক্রিয়া	धातु	हिन्दी
মাজা	মাজ্	माँजना, मलना
মারা	মার্	मारना
মেলা (মিলিত হওয়া)	মিল্	मिलना
মেলান (मैलानो)	মিলা, মেলা	मिलाना
খাটা	খাট্	मिहनत करना
রাখা	রাখ্	रखना
রাঁধা (রন্ধন করা)	রাঁধ্	रसोई पकाना
থাকা, রহা	থাক্, রহ্	रहना
কাঁদান (काँदानो)	কাঁদা	रुलाना
কাঁদা	কাঁদ্	रोना
লাগা	লাগ্	लगना
লাগান (लागानो)	লাগা	लगाना
ঝোলা	ঝুল	लटकना
ঝোলান (झोलानो)	ঝুলা	लटकाना
যুদ্ধ করা (जुद्ध करा)	যুদ্ধ কর্	लड़ना
যুদ্ধ করান (-करानो)	যুদ্ধ করা	लड़ाना
বোঝাই হওয়া	বোঝাই হ	लदना
বোঝাই করান	বোঝাই করা	लदवाना
বোঝাই করা	বোঝাই কর্	लादना
আনা	আন্	लाना
লেখা	লিখ্	लिखना

দিয়াছে, চুল ছাঁটিতে (छाँटनेको) নাপিতের দোকানে যাইব, কুকুরটা হাঁচিতে হাঁচিতে (छींकते छींकते) যাইতেছে, চীনারা তিব্বতে বৌদ্ধদের মারিয়া ফেলিতেছে।

बंगलामें अनुवाद करो—

डाकुओंने उसे घेर लिया, भाई साहबको (দাদাকে) जगा दो, मशीन किसने चलायी ? तीन रुपयेकी सरसों खरीद लो, किसने गाना सिखाया ? मूली नहीं सीझती, लड़केको लिटा दो, लड़कीको रुलाओ मत, गाड़ी ज्यादा लादी गयी, लोटा मलकर साफ करो, किसको बुखार हुआ ? मेरे लड़केने इनाम पाया, कुर्ता पहनकर स्कूल जाओ, एक रुपया तुड़वा लाओ, घोड़ा थक गया।

क्रिया-विशेषण शब्द

প্রায়শঃ, প্রায়ই	अकसर ❀	একত্র করিয়া	इकट्ठा करके
অক্ষরে অক্ষরে	अक्षरशः	এত (ऐतो)	इतना
হঠাৎ, দৈবাৎ	अचानक	ইতি মধ্যে	इतनेमें
এখন (ऐखन)	अब	এদিকে	इधर
এখনই [ऐखनि]	अभी	এদিক ওদিক, ইতস্ততঃ	
চক্ষু বুজিয়া	आँख मूँदकर		इधर उधर
সম্মুখে, সামনে, অগ্রে	आगे	এইরূপে	इस तरहसे
আজকাল	आजकल	অত (अतो), তত (ततो)	उतना
অষ্টপ্রহর	आठोंपहर	ওদিকে, সেদিকে	उधर
আশে পাশে	आसपास	তার পর	उसके बाद

❀ हिन्दीके अकारादि क्रमसे क्रिया-विशेषण सजाये गये हैं।

क्रिया	धातु	हिन्दी
শোনা, শুনা	শুন্	सुनना
ঘুম পাডান [पाड़ानो]	ঘুম পাড়া	सुलाना
শুঁকান (शुँकानो), শোঁকান	শুঁকা	सुँघाना
শুকান [शुकानो]	শুকা	सूखना, सुखाना
শুঁকা, শোঁকা	শুঁক্	सूँघना
সেকা, সেঁকা (शेंका)	সেক্ , সেঁক্	सेंकना
শোষণ করা	শোষণ কর্	सोखना
ঘুমান (घुमानो)	ঘুমা	सोना
সবান [शरानो]	সবা	हटाना, सरकाना
হাসা [हाशा]	হাস্	हँसना
হাঁপান [हाँपानो]	হাঁপা	हाँफना
নড়া	নড়্	हिलना
নাড়ান (नाड़ानो)	নাড়া	हिलाना
হওয়া [हवा]	হ	होना

अनुशीलनी

हिन्दीमें अनुवाद करो—

আমাকে টানিতেছ কেন? তাহার ছেলে হাবাইযা গিয়াছে, মশারি আপনি (खुद) খুলিযা গিযাছে, ফোড়া নিজেই (खुद ही) ফাটিযা গিযাছে, হাঁসগুলি জলে সাঁতবাইতেছে, আগুন জ্বাল, তোমাকে আমি ছুঁইব না, পুলিস চোবকে ছাডিযা দিয়াছে, চাকর নাবিকেল ছুলিবে, সে জল ছিটাইযা আমার কাগজ ভিজাইযা

জন্মের মত(-तो)	जन्मभरके लिए	পর্য্যন্ত (पर्जन्त-अ)	तक
যখন (जखन्)	जब	ভোরে (भोरे)	तड़के
যতক্ষণ (जतोक्खन्)	जबतक	তখন (तखन)	तब
যখন হইতে	जबसे	তখন পর্য্যন্ত, ততক্ষণ	तबतक
যখনই (जखनि)	जभी	তখন হইতে	तबसे
অবশ্য (अवश्य-अ), নিশ্চয	जरूर	তখনই (तखनि)	तभी
তাড়াতাড়ি	जल्दी जल्दी	তলায় (तलाय)	तले
যেখানে (जेखाने)	जहाँ	তীব্র দৃষ্টিতে	तेज नजरसे
যেখানেই	जहीं	অবিলম্বে (अविलम्बे)	तुरन्त
যত, যতটুকু (जतो-)	जितना	অল্প, কিছু, একটু	थोड़ा
যে দিকে (जे दिके)	जिधर	ডাইনে (डाइने)	दाहिने
আজ্ঞে হাঁ (आग्गे हाँ)	जी हाँ	সারাদিন (शारादिन)	दिनभर
যেরূপ, যেমন (जैमन)	जैसा	দুপুরে, মধ্যাহ্নে	दुपहरको
মত (मतो)	जैसा, ऐसा	দুর্ভাগ্য বশতঃ	दुर्भाग्यवश
যেরূপে (जे रूपे)	जैसे	দূরে (दूरे)	दूर
জোরে, বেগে (वेगे)	जोरसे	দেরীতে, বিলম্বে	देरसे
বেশী, অধিক	ज्यादा	ধীরে ধীরে	धीरे धीरे
অবিকল (अविकल)	ज्योंका त्यों	তরশু (तरशु)	नरसों
যেন তেন (जेन-अ तेन-अ) প্রকারেণ	ज्यों त्यों करके	নয়, না (नय, ना)	नहीं
		নয় ত (तो), নতুবা	नहीं तो
মিছামিছি (मिछामिछि)	झूठमूठ	নীচে, তলে	नीचे
একদৃষ্টে	टकटकी लगाये	পরশু (परशु)	परसों

উপরে	ऊपर	প্রচুর, যথেষ্ট (-ष्ट)	काफी
একে একে (ऐके)	एक २ करके	কার্য্য বশতঃ	कार्यवश
একদিকে (ऐक्‌दिके)	एक ओर	কত, কতটা, কতটুকু *	कितना
একেবারে (ऐकेबारे)	एकदम	কোন্ দিকে	किधर
অকস্মাৎ [-स्मात्], হঠাৎ	एकाएक	ধারে (धारे)	किनारे
এইরূপ (एइरूप)	ऐसा	কোন না কোন দিন (कोनो-)	किसी न किसी रोज
এইরূপে	ऐसे		
এরূপ অবস্থায়	ऐसी हालतमें	কিছু (किछु)	कुछ
দিকে (दिके)	ओर	দয়া করিয়া, অনুগ্রহ করিয়া	कृपया
এবং, ও (ओ)	और		
আরও (आरो)	और भी	কিরূপ (किरूप)	कैसा
কখন (कखन्)	कब	কিরূপে	कैसे
কখনও, কখনই (कखनि)	कभी	কেন (कैनो), কি জন্য (-न्य)	क्यों
কখন কখন(कखनो)	कभी कभी	ক্রমে ক্রমে (क्रमे)	क्रमसे
কখনও (कखनो) না	कभी नहीं	খুব, অত্যন্ত (अत्यन्त-न्त)	खूब
প্রায়	प्राय, करीब करीब	চুপেচাপে, চুপে চুপে	गुपचुप
কাল, কল্য (-ल्य)	कल	ঘণ্টায় ঘণ্টায়	घंटे घंटे
কোথায় (कोथाय)	कहाँ	নীরবে	चुपचाप
কোথাও (कोथाओ)	कहीं	চারিদিকে	चारों-ओर

---

* কত (क्तो) দিন একথা মনে হইয়াছে=कितने दिन यह बात याद आयी, পুকুরে কতটা জল আছে মনে হয় = तालाबमें कितना जल है समझते हो, তরকারীতে কতটুকু ঘি দিব=तरकारीमें कितना घी दूँगा ?

अनुशीलनी

हिन्दीमें अनुवाद करो—

বিড়ালের বাচ্ছা হঠাৎ পড়িয়া গেল [गैलो], এইটুকু [इतनासा] দুধ আনিয়াছ? উপরে যাইতেছ কেন? এতখানি ঘী মাটিতে ফেলিয়াছিস? ধারে বসিও না, কিছু ডাল চাই, যখনই আসি তখনই দেখি তুমি লিখিতেছ, যেখানকার [जहाँकी] জিনিষ সেই খানেই রাখ, যেরূপে হউক [हो] তোমাকে যাইতেই হইবে, আজ্ঞে হঁা আমিই আসিয়াছিলাম, যেমন তোমার রূপ তেমনই চরিত্র, ডাইনে চল, ভিতরে বাহিরে সব একাকার, মিছামিছি তাহাকে বকিতেছ কেন? কাছে আসিয়া বস [बोशो]।

बंगलामें अनुवाद करो—

फिरसे लिखना पड़ा, पुर्जे पुर्जे काट डाला, फजूल मिहनत हुई, थोड़ासा [একটুখানি] दूध पी लो, अबतक वह बहुत दूर चला गया होगा, मैं कभी नहीं कर सकता, पट्टुयेकी आमदनी आजकल काफी है, हरसाल दुर्गा-पूजा होती है, मणिलाल शायद कल आया था, तुम उसके ऐसी अंग्रेजी नहीं बोल सकते, कैसे कहूँ वे [তিনি] किस लिए आये थे, इस मकानको मैंने खूब सस्तेमें खरीदा, आज ही क्यों जाना चाहते हो? जबतक वह बैठा था तबतक मजदूरें काम करते थे, रूसी कृत्रिम ग्रह 'ल्यूनिक १' ने ४५० दिनोंमें सूर्यकी अपनी प्रथम परिक्रमा पूरी कर ली है।

নিমেষ মধ্যে, চক্ষের নিমেষে [চক्खेर-]	पलक मारते ही	এখানে [एखाने]	यहाँ
		এখানেই	यहीं
প্রথমে, আগে, পূর্ব্বে	पहले	মনে করিয়া	याद करके
সর্ব্ব প্রথমে	पहले पहल	রাত্রে, রাত্রিতে [रात्रिते]	रातको
পারে [पारे]	पार [में]	রাতারাতি	रातोंरात
নিকটে, কাছে [काछे]	पास	প্রত্যহ [प्रत्यह-अ]	रोजरोज
পাছে, পশ্চাতে, পরে	पीछे	কানায় কানায়	लबालब
টুকরা টুকরা করিয়া	पुर्जे पुर्जे	ওখানে, সেখানে, তথায়	वहाँ
পূরা, পূর্ণ, সম্পূর্ণ	पूरा	ওখানেই, সেখানেই	वहीं
বৃথা [वृथा]	फजूल	ওরূপ, সেরূপ, ঐরূপ, সেইরূপ, তেমন	वैसा
আবার, পুনরায়	फिर		
আবার কখনও	फिर कभी	ঐরূপে, সেইরূপে	वैसे
পরে [परे]	बाद में	সন্ধ্যাবেলা [शन्ध्यावैला]	शामको
বাঁযে [बाँये], বামদিকে	बायें	সম্ভবতঃ, বোধ হয় [हय]	शायद
বাহিরে [बाहिरे]	बाहर	সত্য সত্য [शत्य]	सचमुच
মধ্যে [मध्ये]	बीचमें	সময়ে সময়ে	समय समय पर
মধ্যস্থলে	बीचोबीच	প্রাতে, সকালে [शकाले]	सवेरे
ও [ओ]	भी	সাবধানে	सावधानीसे
ভিতরে [भितरे]	भीतर	কেবল [केवल]	सिर्फ
ভিতরে ভিতরে	भीतर ही भीतर	প্রত্যহ [प्रत्यह-अ]	हर रोज
ভুলে [भुले]	भूलसे	বছর বছর [बछर]	हर साल
মনে মনে [मने]	मन ही मन	ই [इ]	ही

করিলাম—करिलाम् (मैंने या हमने किया), করিয়াছিলাম—करियाछिलाम् (मैंने या हमने किया था), করিতেছিলাম—करितेछिलाम् (मै करता था या हम करते थे या करती थी), করিতাম–करिताम (मैं करता या हम करते)। कर् धातुके सभी रूपोंके उच्चारण तथा अर्थ ऊपर दिखा गये हैं, इसी तरह और और धातुओंके रूपोंके भी उच्चारण तथा अर्थ होंगे ।

शब्दके अन्तिम अकारका प्रायः उच्चारण नहीं होता। जैसे—গাছ—गाछ् (पेड़), পাথর—पाथर् (पत्थर), মানুষ—मानुष् (आदमी), ঘর—घर् (घर, कमरा), মত—मत् (मत सम्मति, पन्थ), কাঠ—काठ् (लकड़ी)।

ऐसे दो तीन शब्द समास-बद्ध होकर एकसाथ बैठने पर किसी शब्दके भी अन्तिम अकारका उच्चारण नहीं होता। जैसे—বনমানুষ—बनमानुष्, ঘরদুয়ার—घर-दुआर, ফলফুল—फल्फुल्, পুকুরপাড়—पुकुर्पाड़् (तालाबका किनारा)।

परन्तु বড—बड़ो (बड़ा), কত—कतो (कितना), যত—जतो (जितना), তত—ततो (उतना), মত—मतो (तरह), কাল—कालो [काला], ছোট—छोटो (छोटा), খাট—खाटो (नाटा), ঘন—घनो (घना), মেজ ছেলে—मेजो छेले (मझला लड़का), সেজ ছেলে—शेजो छेले (तीसरा लड़का), ভাল—भालो (अच्छा, खरा, उत्तम) आदि कुछ शब्दोंके अन्तिम अकारका ओकार-सा उच्चारण होता है ।

अन्तिम संयुक्त वर्णमें अकार रहे तो उसका पूरा

तृतीय खण्ड

व्याकरण

उच्चारण

बंगलामें অ का उच्चारण कभी 'अ' और कभी 'ओ' की तरह होता है। क्रियाके अन्तिम अकारका बहुधा ओकारसा उच्चारण होता है; जैसे—করিতেছ—करितेछो ❀ (करते हो), কর—करो (करो या करते हो), করিল—करिलो (उसने किया), করিয়াছিল—करियाछिलो (उसने किया था), করিতেছিল—करितेछिलो (वह करता था), করিত—करितो (वह करता), করিয়াছ—करियाछो (तुमने किया), করিব—करिबो (करूँगा या हम करेंगे)।

परन्तु क्रियाके अन्तमें न या म रहनेसे उसका उच्चारण हलन्त-सा होता है; जैसे—করেন †—करेन् (वे या आप करते हैं), করিতেছেন-करितेछेन् [वे या आप कर रहे हैं], করিয়াছেন—करियाछेन् [उन्होंने या आपने किया है.], করিলেন—करिलेन् (उन्होंने या आपने किया), করিয়াছিলেন—करियाछिलेन् (उन्होंने या आपने किया था), করিতেছিলেন—करितेछिलेन् (वे या आप करते थे), করিতেন—करितेन् (वे या आप करते);

❀ इस तरहके ओकारका उच्चारण बहुत लघु है।

† क्रियाके अन्तमें न आदर अर्थमें और म उत्तम पुरुषमें होता है।

जाता। तमाम दीर्घ स्वरोंका उच्चारण प्रायः ह्रस्व जैसा होता है। जैसे, মরা—मरा * (मरा हुआ), ইংরাজী—इंराजि (अंग्रेजी), দূর—दुर, বেশী—वेशि (ज्यादा), খৈ—खइ (लावा), কোনো—कोनो (किसी), দৌড—दउड़ *।

परन्तु कविता, गान या पुकार आदिमें ह्रस्व और दीर्घ दोनों प्रकारके स्वरोंका ही उच्चारण करने में ज्यादा समय लगता है, इन्हें प्लुत स्वर कहते हैं।

मूर्द्धन्य ণ का उच्चारण दन्त्य न की तरह है। जैसे, গুণ गुन, লবণ—लवन, ফণা—फना (फण), ঘণ্টাকর্ণ—घन्टाकर्न-अ।

अन्तस्थ ব का रूप और उच्चारण वर्गीय ব के अनुरूप है। लिखने या बोलनेमें इन दोनों ব में कुछ भी भेद नहीं किया जाता। जैसे, বসন্ত—वशन्त, বাঘ—बाघ (शेर), বিবিধ—विविध।

য का उच्चारण ज की तरह है। जैसे, যখন—जखन (जब), যদি—जदि (अगर)। परन्तु য के नीचे जब बिन्दी दी जाती है † तब उसका उच्चारण य की तरह ही होता है। जैसे, সময়—शमय्, জয়—जय्, শয়ন—शयन, পলায়ন। য় जब आकारादि अन्य स्वरसे युक्त होता है तब उसका उच्चारण आकारादि स्वर जैसा होता है। जैसे, গোয়ালা—गोआला (ग्वाला), খাওয়ান—खाओआनो या खावानो (खिलाना),

---

* आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ तथा औ का उच्चारण बहुत ही संक्षिप्त है।

† शब्दके मध्य तथा अन्तमें য रहनेसे उसमें प्रायः बिन्दी दी जाती है। परन्तु সুযোগ (मौका), বিযুক্ত (पृथक), নিযুক্ত आदि कुछ शब्दोंके য के नीचे बिन्दी नहीं दी जाती, उनका उच्चारण ज की तरह होता है।

उच्चारण होता है। जैसे—সর্প—शर्प-अ, দয়ানন্দ—दयानन्द (-अ), রতিকান্ত—रतिकान्त, শুদ্ধসত্ত্ব—शुद्धसत्त्व, পক্ক—पक्क, কৃষ্ণ—कृष्ण।

ং अनुस्वार और ঃ विसर्गके आगेके अक्षरके अन्तिम अकारका उच्चारण होता है। जैसे, সংঘ—शंघ-अ, মাংস—मांश-अ, দুঃখ—दुक्ख-अ ⊛।

संयुक्त वर्णके पीछेके अकारका भी उच्चारण होता है। जैसे, পরব্রহ্ম, पर [-अ] ब्रह्म, রাগদ্বেষ, रागद्वेष, রোগক্লিষ্ট, रोगक्लिष्ट।

कुछ संस्कृत शब्द ऐसे भी हैं जिनके अन्तिम अकारका उच्चारण होता है। जैसे, পরিস্ফুট—परिश्फुट-अ, প্রিয়—प्रिय-अ, বিবিধ—बिबिध-अ, সম্পাদিত—शम्पादित-अ, লিখিত, लिखित-अ, কৃত—कृत, মূর্চ্ছিত—मूर्छित, জিত—जित, মৃত—मृत, পূত—पुत, অযাচিত—अजाचित, স্থিত—स्थित, সংস্কৃত—शंस्कृत, পঠিত—पठित, স্থানীয়—स्थानीय, সৌর—शउर, শৈব—शइव, ভারতীয়—भारतीय -अ, দেয় —देय-अ, শ্রেয়—स्रेय-अ, বিংশ—बिंश-अ, মূঢ—मूढ़-अ, দৃঢ—दृढ़-अ।

এ का ऊच्चारण कभी ए और कभी 'ऐसा' 'जैसा' आदिके ऐ-कारकी तरह होता है। जैसे, একুশ—एकुश (इक्कीस), দেশ—देश, বিষয়ে—बिशये (विषयमें); এক—ऐक्, দেখা—दैखा (देखना), যেমন—जैमन् (जैसा), এমন—ऐमन् (ऐसा), তেমন—तैमन् (वैसा), কেমন—कैमन (कैसा)।

बंगलाके उच्चारणमें प्रायः ह्रस्व-दीर्घका ख्याल नहीं किया

⊛ विसर्गके आगेका अक्षर दुगुना होकर उच्चारित होता है।

सन्धि

संस्कृतमें और उसके अनुसार हिन्दीमें सन्धिके जो नियम हैं, वे बंगलामें भी माने जाते हैं। इसलिए यहाँ उनके दुहराने की आवश्यकता नहीं है। बंगलाके कुछ खास-खास नियम यहाँ लिखे जाते हैं।

অৰ্দ্ধ + এক = অৰ্দ্ধেক (आधा), ক্ষণ + এক = ক্ষণেক (क्षणभर), দশ+এক = দশেক (दश), দিন+এক = দিনেক (एक दिन), বার+এক=বারেক (एक वार)।

इन सब स्थानोंमे अकारके आगे एकार है, दोनों मिल कर एकार हुआ है। संस्कृतके अनुसार यहाँ ऐकार होना चाहिये था।

नीचे लिखे पद निपातन-सिद्ध हैं :—

দুই+এক = দুয়েক (दो-एक), কুড়ি+এক = কুড়িক=(बीस), শ (শত)+এক=শয়েক (एक सौ)।

निश्चयार्थक 'ही' के स्थानपर शब्दके अन्तमे ই जोड़ा जाता है। यह ই अगर नीचे लिखे कुछ अकारान्त शब्दोंके आगे रहे, तो उन शब्दोंके अन्तिम 'अ' का कभी कभी लोप हो जाता है। जैसे, যখন +ই = যখনই, যখনি (जभी), তখন + ই = তখনই, তখনি (तभी), এখন+ই=এখনই, এখনি (अभी), অমন+ই = অমনই, অমনি (उसी वक्त ; विना-मूल्य), তেমন+ই = তেমনই, তেমনি (वैसा ही), যেমন+ই = যেমনই,

थाओया—खाओआ या खावा (खाना), प्रणयी—प्रनइ (प्रणयी), विषये—विशए (विषयमें)।

तालव्य श, मूर्द्धन्य ष और दन्त्य स इन तीनों का उच्चारण तालव्य श की तरह है। जैसे, शत्रु—शत्रु, विषय—विशय, सकल—शकल (तमाम), सब—शब (समस्त) इत्यादि।

श और स के साथ यदि ऋ, र या न रहे तो उनका उच्चारण स के सदृश होता है। जैसे, शृगाल—सृगाल् (स्यार), श्री—स्री, परिश्रम—परिस्रम, मसृण—मसृन् [चिकना], प्रस्राव—प्रस्राव् [पेशाव], स्नान—स्नान्, प्रश्न—प्रस्न इत्यादि।

स अगर त या थ के साथ रहे तो उसका उच्चारण ठीक स की तरह ही होता है। जैसे, समस्त—शमस्त, वस्तु—वस्तु, रास्ता—रास्ता, स्थान—स्थान्, प्रस्थान—प्रस्थान इत्यादि।

क्ष का उच्चारण क्ख के सदृश है। जैसे, वृक्ष—वृक्ख-अ, पक्षी—पक्खी [चिड़िया] इत्यादि।

य, म या व जिस व्यञ्जन वर्णके साथ रहता है, उसका सिर्फ दुगुना उच्चारण होता है, य, म या व का बिलकुल उच्चारण नहीं होता। जैसे, विद्या—बिद्दा, पद्म—पद्द, लक्ष्मण—लक्खन्, माहात्म्य—माहात्त, ऐश्वर्य—इश्शर्त्त; आत्मतत्त्व—आत्ततत्त इत्यादि। परन्तु कहीं कहीं म का उच्चारण होता है। जैसे गुल्म—गुल्म-अ, शाल्मली—शाल्मली (सेमल), जन्म, उन्माद, हिरण्मय, उन्मूलित, वाङ्मय—वाङ्मय [वाक्यमय, साहित्य), पराङ्मुख—पराङ्मुख [विमुख, विरुद्ध, उदासीन] इत्यादि।

হিন্দী—পাতলা, ঠাণ্ডা, কাল (कल), ধাক্কা, আচ্ছা, আঁখি (आँख), গাধা, ঝাল (झल), হালকা, পাহাড, আনাডী, কামরা, চালনী, চাদর. বাদাম, পাগডী, আড্ডা, লাঠি, ঠিক, ভিতর, উচ (ऊँचा), কাছারী, (कचहरी), কোরা (कोरा), খাডা (खड़ा), খালি (खाली), খোলা (खुला), দাম, তুম, বাচ্চা (बच्चा), রং বা রঙ্ (रंग), দর, ঘুস (घूस) আদি।

অরবী—আক্কেল [अक्ल], আদব, আদালত, আবির [अबीर], আমল [अमल], আমলা, আমানত, আমীন [अमीन], আমীর, আর্জি [अर्जी], আলকাতরা, আলোযান [अलवान], আলাদা [अलाहदा], আসবাব, আসল, আস্তাবল, আহাম্মক [अहमक], ঈদ, বদর, কাবাব, কব্জা, কবর [कब्र], কবাব, কেরামত [करामात], কর্জ, কলাই [कलई], কলম, কালিয়া, কসম, খবর, খয়রাত [खैरात], খাতির, খারাপ [खराब], জবাব [जवाब], জল্লাদ, দখল, দফা, দলিল [दस्तावेज], দুনিয়া, নগদ [नकद], নফা [नफ़ा], নকল, নজর, নজির, নালায়েক, পেনশন, মজুদ [मौजूद], রেওয়াজ [रिवाज], শহীদ, শরিক, সেলাম [सलाम], হয়রান [हैरान] ইত্যাদি।

ফারসী—আন্দাজ (अंदाज), আজব, আফসোস, আল্লা, আশর্ফি (अशरफी), আস্তর, আইন, আয়না (आईना), আখের (आखिर), আজাদ, আদত, আবরু, আবহাওয়া, আবাদ, আমদানী, আরাম, আওয়াজ, আশনাই, আশমান, আস্তিন. আস্তে (आहिस्ता), উমেদার (उम्मेदवार), কমজোর, কোমর (कमर), কাগিজ, খোদ (खुद), খুশী (खुश), খুন, খুব, দাখিল, দোকান (दूकान), নালিশ;

যেমনি [जैसा या जैसे ही], কেমন+ই = কেমনই, কেমনি [कैसा ही.], এমন+ই = এমনই, এমনি [ऐसा या ऐसे ही]।

संख्यावाचक দুই, ছয় और নয় शब्दोंके साथ दूसरे शब्दों की सन्धि होनेसे इनके अन्तिम ই और য় का प्रायः लोप हो जाता है। जैसे, দুই+এক = দু'এক [दो-एक], দুই+টাকা= দু টাকা [दो रुपये], ছয়+জন = ছ'জন [छ आदमी], ছয়+আনা = ছ' আনা [छ आने], নয়+সের = ন'সের [नौ सेर], নয়+সিকা = ন'সিকা [नौ चौवन्नी या सवा दो रुपये]।

शब्द

वंगलामे अनेक संस्कृतके शब्द व्यवहृत होते हैं। उनमें कुछ अविकल वंगलामें आये हैं ; जैसे—বৃক্ষ, মনুষ্য, ফল, জল, নদী, পর্ব্বত, বন, গৃহ, দুগ্ধ, মগ্ন, সত্তা, সমর্থ, সীমা, সুখ, হরিণ, হৃদয়, হোম आदि और कुछ रूपान्तरित होकर आये हैं ; जसे—রৌদ্র से রোদ [धूप], চক্ষুঃ से চোখ [आँख], স্বর্ণ से সোনা [सोना], রৌপ্য से রূপা [चाँदी], পার্শ্ব से পাশ [पास], মাতা से মা [माँ] आदि।

हिन्दीभाषियों, उर्दूभाषी मुसलमानों तथा अंग्रेजोंके संसर्गसे वंगलामे हिन्दी, अरवी, फारसी तथा अंग्रेजीके वहुतसे शब्द आये हैं ; ये शब्द उच्चारणके हेरफेरके कारण प्रायः विकृतरूपसे ही वंगलामे इस्तेमाल होते है। जैसे—

शब्द पाँच प्रकारके हैं, जैसे—संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण क्रिया और अव्यय।

संज्ञा

वस्तुओं तथा व्यक्तियोंके नाम संज्ञा कहाते हैं। संज्ञा पाँच प्रकारके होते हैं, जैसे—

व्यक्तिवाचक—राम, नरेन्द्र, कलिकाता (कलकत्ता) सूर्य्य, जापान, हिमालय, गङ्गा आदि।

जातिवाचक—हिन्दू, मुसलमान, बाङ्गाली, ब्राह्मण, गरु (गौ), बाडी (मकान) आदि।

भाववाचक—सुख, मित्रता, दौड, छूँत (छूत) शुत्रत्व, चुरि [चोरी], चीत्कार [चिल्लाहट] आदि।

समुदायवाचक—दल, सैन्य, भिड [भीड़], मेला, क्लास आदि।

द्रव्यवाचक—सोना; रूपा चाँदी, काठ [लकड़ी], पाथर पत्थर, माटि मिट्टी आदि।

संज्ञाके लिङ्ग, वचन, विभक्ति और कारक होते हैं।

लिंग *

लिङ्ग दो प्रकारके हैं–पुलिंग और स्त्रीलिंग। स्त्रीवाचक शब्द ही सिर्फ स्त्रीलिंग हैं और बाकी सब पुलिंग हैं।

---

* हिन्दीकी तरह बंगलामें कर्ता या कर्मके लिंगके अनुसार क्रियामें हेरफेर नहीं होता। केवल विशेषण मिलानेके लिए बंगलामें लिंग जाननेकी आवश्यकता है।

পাঞ্জা (পংজা), পরগনা, পবদা, পবোওয়ানা (পরওয়ানা), পরী, পলিতা (পলীতা), পশমী, পছন্দ (পসংদ), পালোয়ান [পহলবান], পাকিস্থান [পাকিস্তান], পায়খানা [পাখানা], পাযজামা [পাজামা] পীব, পেঁচ (পেঁচ), পেশ, পেশা, পয়গম্বর (পৈগংবর), পোষাক, বন্দোবস্ত, বদনাম (বদনামী), বগল, বনাম, বাগ, বাগিচা, বেগম, বাজাব, বাজি [বাজী], বেদখল, মজুব [মজদুর], মগজ, মজা, মদ ; রসিদ, রোজ, রোজগাব, লশকর, শহর (সহর), শামিল, শাল, শিকার, শিশি, সলা [সলাহ], সওয়ার [সবার], সাদা, সবদাব, হুঁস (হোশ) ইত্যাদি।

অংগ্রেজী—স্কুল, টেবিল, চেয়াব, আমেরিকা, আফ্রিকা, ইটালী, ইংলণ্ড, অষ্ট্রিয়া, স্টেশন, মিল, এসিয়া, কংগ্রেস, মিটিং, ইঞ্জিন, মাষ্টার, ডাক্তার, জেনাবেল, আফিস, কোম্পানী, কমিশন, পেন, পেনসিল, কাউন্সিল, অর্ডব, ব্যাঙ্ক, কমিটী, জানুযারী, ফেব্রুযাবী মার্চ্চ, এপ্রেল, মে, জুন, জুলাই, আগষ্ট, সেপ্টেম্বব, অক্টোবর, নভেম্বব, ডিসেম্বর, হাই কোর্ট, জজ, ষ্টীমার, চিমনী, বল, পাসবুক, মনিঅর্ডাব, ট্যাক্স, ট্রাম, ট্রেন, পাইপ, কলেরা, টাইফয়েড পোষ্ট আফিস, টেলিগ্রাম, টেলিফোন, রেডিও, ক্রেন, বেল্ট, শার্ট, কোট, মেলব্যাগ, রুজ, পাউডাব, লিপষ্টিক, হোটেল, পার্সেল, লেটর বক্স, বেজিষ্ট্রী, ব্যাক, আদি।

पुल्लिंग शब्द	पत्नी अर्थमें	स्त्रीजाति अर্थমে
স্বামী	স্ত্রী, বৌ	স্বামিনী
শ্বশুর	শাশুড়ী (सास)	
ভাই	ভাদ্দর বৌ, ভাজ	বোন (बहिन)
মদ্দ, মদ্দা (पुरुष)		মাদি, মেয়ে
শালা (साला)	শালাজ (सलहज)	শালী
দেবর, দেওর ;		
ভাসুর (पतिके बड़े भाई)	बा	ননদ, ননদী
ঠাকুরদাদা,	ঠাকুর মা,	ঠাকুর মা,
দাদা, দাদাভাই	ঠাকরুণ দিদি,	ঠাকুরুণ দিদি,
(पितामह)	ঠানদিদি, ঠানদি	ঠানদিদি, ঠানদি
দাদা মহাশয়,		
দাদা [नाना]	দিদি মা	দিদি মা
ভাগনে [भाग्ने, भांजा]	ভাগনে বৌ	ভাগনী [भाजी]

वचन

वचन दो हैं—एकवचन और बहुवचन। प्राणीवाचक शब्दके अन्तमें রা लगाकर एकवचनसे बहुवचन बनाया जाता है। जैसे—ছেলে—ছেলেরা, দেবতা—দেবতারা, সাধু—সাধুরা, দাদা—দাদারা, পণ্ডিত—পণ্ডিতেরা, শূদ্র—শূদ্রেরা आदि। ऐसे स्थलपर अकारान्त शब्दका अन्तिम अकार एकार बन जाता है।

स्त्री-प्रत्यय

पुल्लिग शब्द का स्त्रीलिंगमें परिवर्तन करनेके लिए कहीं कहीं णी या नी जोड़ा जाता है। जैसे—

पुल्लिग	स्त्रीलिंग	पुल्लिग	स्त्रीलिग
ঠাকুর (देवता, ब्राह्मण)	ঠাকুরাণী	ধোপা (धोबी)	ধোপানী
চৌধুরী	চৌধুরাণী	বাঘ	বাঘিনী
চাকর	চাকরাণী	পাগল	পাগলিনী

कहीं कहीं पुल्लिग शब्दके अन्तिम स्वरका लोप करके स्त्रीलिंगमें ঈ जोड़ा जाता है। जैसे—

খুড়া (चाचा)	খুড়ী	পাঁঠা (बकरा)	পাঁঠী
কাকা (चाचा)	কাকী	বুড়া (बूढ़ा)	বুড়ী
মামা	মামী	ব্রাহ্মণ	ব্রাহ্মণী

कुछ स्त्रीलिंग शब्द ऐसे भी हैं, जो पुल्लिगसे अनियमित रूपसे बनते हैं। उनमें कुछ पत्नी अर्थमें, कुछ स्त्रीजाति अर्थमें और कुछ दोनों अर्थोंमें व्यवहृत होते हैं। जैसे—

पुल्लिग शब्द	पत्नी अर्थमें	स्त्रीजाति अर्थमें
দাদা (बड़े भाई)	বৌদিদি,বৌঠাকরুণ (भौजाई)	দিদি (बड़ी बहिन)
কর্ত্তা	কর্ত্রী, গৃহিণী, গিন্নী	কর্ত্রী, গৃহিণী, গিন্নী
ছেলে (लड़का)	বৌ (बहू)	মেয়ে (लड़की)
বর (दुलहा)	বৌ	ক'নে (दुलहिन)

পুত্রদিগকে (पुत्रोंको), রাজাদিগের হইতে (राजाओंसे), পশুদিগের (पशुओंका), কন্যাদিগকে (कन्याओंको) आदि।

दिग के बदले सकल, समूह आदिका भी प्रयोग हो सकता है; जैसे—বালক সকলকে (बालकोंको); পর্ব্বত সমূহ হইতে (पहाड़ोंसे), ঘোড়াগুলির (घोड़ोंका) आदि।

विभक्ति

विभक्ति सात प्रकार की है; यथा—

		एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	[कर्ता]		রা, গুলি *
द्वितीया	[कर्म]	কে, রে	কে, রে
तृतीया	[करण]	দ্বারা, দিয়া	দ্বারা, দিয়া

* प्रायः मनुष्यवाचक शब्दमें ही রা लगाया जाता है और निकृष्ट प्राणी तथा अप्राणीवाचक शब्दमें গুলি लगाया जाता है। जैसे–রাজারা (राजालोग), প্রজারা (प्रजालोग), ঋষিরা (ऋषिलोग), ঘোড়াগুলি (घोड़े), লতাগুলি (लतायें), পাতাগুলি (पत्तियाँ) इत्यादि।

कभी-कभी निकृष्ट मनुष्य-वाचक शब्दमें গুলি और उत्कृष्ट पशुवाचक शब्दमें রা लगाया जाता है। इस प्रकारका प्रयोग वक्ता या लेखकके इच्छाधीन है। वे निकृष्ट मनुष्य या किसी श्रेष्ठ पशुको आदरके साथ दिखाना चाहें तो রা लगाते हैं और अनादरके साथ दिखाना चाहें तो গুলি लगाते हैं; जैसे—তোমার ছেলেগুলি অকর্ম্মণ্য (तुम्हारे लड़के निकम्मे हैं), তাঁহার সব ছেলেরাই চাকরী করিতেছে (उनके सभी लड़के नौकरी करते हैं). আফ্রিকার সিংহেরা পৃথিবীর সব জন্তু অপেক্ষা বলবান (अफ्रीकाके सिंह दुनियाँके सब जानवरोंसे बलवान हैं), শেলর্স সার্কাসের সিংহগুলি ঠিক মড়ার মত (शेलर्स सर्कसके सिंह ठीक मुर्दके समान हैं)।

बहुत्व-प्रकाशक गण शब्द लगा कर भी प्राणीवाचक शब्दका बहुवचन बनाया जाता है, जैसे—বালক—বালকগণ, দেবতা—দেবতাগণ, কন্যা—কন্যাগণ। प्रायः संस्कृत शब्दमे ही गण लगता है।

किसी किसी स्त्रीलिंग आकारान्त शब्दके बाद बहुवचनमे এ या যে आ जाता है। जैसे—মা—মাএরা या মাযেরা, যা (देवरानी या जठानी)—যাএরা या যাযেরা आदि; अप्राणीवाचक शब्दमे अगर जीवत्व आरोप हो, तो उसका भी इसी तरह बहुवचन होता है, जैसे—গাছ—গাছেরা, মেঘ—মেঘেরা, নদী—নদীরা आदि। ऐसे ही—বৃক্ষগণ, গ্রহগণ आदि।

अप्राणीवाचक शब्दके आगे बहुवचनमें बहुत्व-बोधक সকল, সমূহ, রাশি, গুলি, গুলা, চয, নিচয, সমুদায়, মালা, বৃন্দ आदि शब्द जोड़े जाते हैं; जैसे—নদীসকল, মেঘসমূহ, জলরাশি, নক্ষত্রগুলি, গাছগুলা, পুষ্পচয, কমলনিচয, বৃক্ষসমুদায, আলোক-মালা, বারিদবৃন্দ (मेघ-समूह) आदि। इनमें किसी किसी शब्दका प्रयोग प्राणीवाचक शब्दमे भी हो सकता है; जैसे—ভাই-সকল, ছাত্র-সমূহ, বালকগুলি, ছেলেগুলা *, মানব-নিচয, প্রাণী-সমুদায, বালক-বৃন্দ आदि।

विभक्तियुक्त शब्दके बहुवचन करनेमे प्राणीवाचक शब्दके बाद दिग लगाकर विभक्तिका चिह्न जोड़ा जाता है: जैसे—

---

* घृणा, निन्दा या तुच्छता जतानेके लिए निकृष्ट अर्थमें ही গুলা का प्रयोग होता है।

५—তাহার 'জয়' হইল—उसकी जय हुई। क्या हुई?
—জয়।

६—পৃথিবী হইতে 'চন্দ্র' ছোট দেখায়—पृथ्वी से चन्द्र छोटा दीखता है। क्या दीखता है? চন্দ্র।

७—তাহার জল 'খাওয়া' হইয়াছে—उसका पानी पीना हो गया है। क्या हो गया है? খাওয়া।

८—'তুমি' বড় রোগা দেখাইতেছ—तुम बड़े दुबले मालूम हो रहे हो। कौन मालूम हो रहा है?—তুমি।

९— 'ইহা' আমার জানা আছে—यह मुझे ज्ञात है। क्या है?—ইহা। 'জানা' ইহা का विशेषण है।

१०—এ কাজ 'করা যাইতে' পারে—यह काम किया जा सकता है। क्या सकता है?—'করা যাইতে' यह वाक्यांश ही कर्ता है।

११— আমার 'না গেলে' নয়—मेरे न जानेसे नहीं चलेगा। क्या नहीं चलेगा?—'না গেলে' यह वाक्यांश ही कर्ता है।

कर्तामें प्रथमा विभक्ति होती है *। प्रथमा विभक्तिके एक-वचनमें कोई चिन्ह नहीं है, बहुवचनमे রা होता है; जैसे—'শিশু' খেলা করিতেছে, 'শিশুরা' পড়িতেছে।

---

* कर्तामें दूसरे कारकोंकी भी विभक्ति लगायी जाती है। आगे 'विभक्तिका प्रयोग' अध्यायमें उसके दृष्टान्त दिये गये हैं।

		एकवचन	बहुवचन
चतुर्थी	[सम्प्रदान]	কে	কে
पञ्चमी	[अपादान]	হইতে	হইতে
षष्ठी	[सम्बन्ध]	এব, র	এর, র
सप्तमी	[अधिकरण]	এ, য়, তে	এ, য, তে

कारक

क्रियाके साथ जिसका सम्बन्ध है, उसीको कारक कहते हैं। कारक छः प्रकारके होते हैं; जैसे—कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान और अधिकरण।

कर्ता

जो कार्य करता है, या जो होता है, वही कर्ता है; जैसे—

१—'সে' পড়িতেছে (वह पढ़ रहा है)।

२—'বৃষ্টি' হইতেছে (बारिश हो रही है)।

क्रियाके पीछे 'कौन', 'किसने' या 'क्या' जोड़कर प्रश्न करनेसे ही कर्ता जाना जा सकता है; जैसे ऊपरके वाक्योंमे—

१—कौन पढ़ रहा है?—সে।

२—क्या हो रही है?—বৃষ্টি।

३—এই জগৎ 'ঈশ্বর' সৃষ্টি করিয়াছেন—यह संसार ईश्वरने रचा है। किसने रचा है? ঈশ্বর।

४—এ কাজ 'তিনি করিতে পারিবেন না—यह काम वे नहीं कर सकेंगे। कौन नहीं कर सकेंगे?—তিনি।

লিখিতেছি (कलमसे लिख रहा हूँ), 'চক্ষু দ্বারা' (चक्खु द्वारा) দেখিতেছে (आँखसे देखता है) ।

क्रियाके पीछे 'किससे' या 'किसके द्वारा' यह प्रश्न करनेसे करण कारक जाना जा सकता है ; जैसे ऊपर के वाक्योंमें—

१—किससे लिखता हूँ ?—কলম দিয়া ।

२—किसके द्वारा देखता है—চক্ষু দ্বারা ।

३—অগ্নি দ্বারা পাক হইতেছে (आगसे रसोई हो रही है)। किसके द्वारा रसोई हो रही है ?—অগ্নি দ্বারা ।

४—হাত দিয়া খাইতেছে (हाथसे खा रहा है)। किससे खा रहा है ?—হাত দিয়া ।

सम्प्रदान

जिसको कोई चीज दी जाय उसे सम्प्रदान कारक कहते हैं। सम्प्रदानमें चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे—'গরিবকে' অন্ন দেওয়া উচিত (गरीबको अन्न देना चाहिये), 'ব্রাহ্মণগণকে' দক্ষিণা (दक्खिना) দিব (ब्राह्मणोंको दक्षिणा दूंगा)।

अपादान

जिससे कोई वस्तु अलग या उत्पन्न होती है, उसे अपादान कारक कहते हैं। अपादानमें पञ्चमी विभक्ति होती है। जैसे— 'গাছ হইতে' পাতা পড়িতেছে (पेड़से पत्ती गिरती है), 'ফুল হইতে' ফল হয় (फूलसे फल होता है)।

कर्म

कर्ता जिसे कर सकता है, खाता है, देखता है, सुनता है, समझता है, देता है, लेता है, लाता है, पढ़ता है या कहता है—उसे कर्म कहते हैं। जैसे, १—তিনি 'টাকা' দিয়াছেন (उन्होंने रुपया दिया है), २—আমি 'তাহাকে' মারিয়াছিলাম (मैंने उसे मारा था), ३—সে 'কাহাকে' ডাকিল? (उसने किसे बुलाया)।

क्रियाके पीछे 'क्या' या 'किसको' ऐसा प्रश्न करनेसे ही कर्म जाना जा सकता है; जैसे ऊपरके वाक्योंमे—

१—क्या दिया है?—টাকা।

२—किसको मारा था?—তাহাকে।

३—किसको बुलाया?—কাহাকে।

४—নবীন বাবু 'বই' পড়িতেছেন (नवीन बाबू किताब पढ़ रहे हैं)। क्या पढ़ रहे हैं?—বই।

कर्ममें द्वितीयाकी विभक्ति কে या রে लगायी जाती है, परन्तु कहीं-कहीं द्वितीयाकी विभक्ति लुप्त हो जाती है; जैसे—ऊपरके १ और ४ दृष्टान्तोंमें कर्म টাকা और বই के साथ কে या রে विभक्ति नहीं लगी है।

करण

कर्ता जिसके द्वारा काम करता है, उसे करण कहते हैं। करणमे तृतीया विभक्ति होती है; जैसे,—'কলম দিয়া'

इत्यादि। संज्ञाकी अपेक्षा सर्वनामके साथ ही इस রে का प्रयोग अधिक है। यह রে नीच सम्बोधनका भी चिन्ह है; वहाँ अकारान्त शब्दका अकार एकार नहीं होता। जैसे—প্রহ্লাদ রে (अरे प्रह्लाद), সতীশ রে (अरे सतीश)।

प्रायः सम्बन्धकी विभक्ति लगा कर तब करणकी विभक्ति দ্বারা लगायी जाती है। जैसे—পত্র या 'পত্রের দ্বারা' নিমন্ত্রণ করিলাম (चिट्ठीके द्वारा निमन्त्रण किया)। कभी कभी करणकी विभक्ति দিয়া के पीछे कर्म की विभक्ति কে लगायी जाती है। जैसे—'তাহাকে দিয়া' या তাহা দ্বারা या তাহার দ্বারা পত্র লিখাইব (उससे चिट्ठी लिखाऊंगा)।

अपादानकी विभक्ति থেকে सिर्फ पद्यमें और कथित भाषामें इस्तेमाल होता है। जैसे—স্বর্গ থেকে (स्वर्गसे), কোথা থেকে (कहाँसे)। अन्य सर्वत्र হইতে होता है। जैसे—ঘর হইতে (घरसे), কাশী হইতে (काशीसे)। पद्यमें और कथित भाषामें হইতে का ই प्रायः लुप्त हो जाता है। ऊपर ' कमा देकर लोप जताया जाता है। जैसे—সেথা হ'তে (वहाँसे), বাড়ী হ'তে (घरसे), মাথা হ'তে (सिरसे)।

अगर सम्बन्धकी विभक्ति র या अधिकरणकी विभक्ति তে आगे रहे तो अकारान्त शब्दका अन्तिम अकार एकार हो जाता है; जैसे—হাত+র = হাতের (हाथका), মন+তে = মনেতে (मनमें)। अकारान्त शब्दमें अधिकरणके তে का प्रयोग गद्य साहित्यमें नहीं होता, वहाँ এ का प्रयोग होता है; जैसे—

अधिकरण

क्रियाके आधारको अधिकरण कारक कहते हैं। अधिकरण मे सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे—'চন্দ্রে' কলঙ্ক আছে (चन्द्रमे कलंक है), 'মাথায়' চুল নাই (सिरमे बाल नहीं है); আমি 'রাত্রিতে' পড়ি না (मैं रातको नहीं पढ़ता)।

सम्बन्ध

एक वस्तुके साथ दूसरी वस्तुके मेलको सम्बन्ध कहते हैं। सम्बन्धमे षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे, 'রামের' বাড়ী—रामका मकान, 'গাছের' পাতা—पेड़की पत्ती, 'মাথার' ব্যথা—सिरका दर्द, 'নদীর' জল—नदीका जल, 'আমার' 'ছেলের' টুপী হারাইয়া গিয়াছে—मेरे लड़केकी टोपी हिरा गयी है।

क्रियाके साथ इसका कोई सम्बन्ध नहीं है, इसलिए सम्बन्धको कारक नहीं कहते।

शब्दरूप बनानेके नियम

कर्मकी विभक्ति কে के बदले कहीं कहीं রে होता है। जैसे—দীর্ঘ প্রবাস - যামিনী 'আমারে' ডুবায়ে রাখিল তিমিরে (बहुत दिनोंके प्रवास-त्रास-रूप रात्रिने मुझे अँधेरेमे डुबो रखा)। कवितामें तथा कहीं कहीं कथित भाषामें ही इस রে का प्रयोग होता है। রে विभक्ति लगाने पर अकारान्त शब्दका अकार एकार हो जाता है। जैसे–বালক+রে=বালকেরে, পুত্র+রে=পুত্রেরে

	एकवचन	वहुवचन
করণে	বালক দ্বারা (लड़केसे) *	বালকদিগ, দিগের বা বালকদের দ্বারা (लड़कोंसे)
সম্প্রদান	বালককে (लड़केको)	বালকদিগকে (लड़कोंको)
অপাদান	বালক হইতে [लड़केसे]†	বালকদিগ হইতে [लड़कोंसे]
সম্বন্ধ	বালকের [लड़केका]	বালকদের, বালকদিগের [लड़कोंका]
অধিকরণে	বালকে, বালকের মধ্যে [लड़केमें]	বালক সকলে, বালকগুলিতে [लड़कोंमें]

---

* বালকের দ্বারা, বালককে দিয়া, বালকদিগকে দিয়া करणमें ऐसे भी रूप होते हैं। जैसे—এ কাজ বালকের দ্বারা হইবে না (यह काम बालकसे नहीं होगा), বালককে দিয়া বা বালকদিগকে দিয়া কি হইবে ? (लड़केसे या लड़कोंसे क्या होगा) ?

† अपादानमें বালক থেকে, বালকের নিকট হইতে, বালকের কাছ থেকে, বালকের চেয়ে, বালকদিগের নিকট হইতে, বালকদিগের কাছ থেকে, বালকদিগের চেয়ে ऐसे भी रूप होते हैं। जैसे—বালক থেকে বৃদ্ধ পর্য্যন্তকে নিমন্ত্রণ করিয়াছি [लड़केसे बुड्ढे तकको निमन्त्रण दिया है], বালকের নিকট হইতে তাহার বল চাহিয়া লও [लड़केसे उसकी गेंद माँग लो], বালকের কাছ থেকে এর চেয়ে আর বেশী কি আশা করিতে পার ? [लड़केसे इससे ज्यादा और क्या आशा कर सकते हो ?], বালকের চেয়েও এই বৃদ্ধের বুদ্ধি কম [लड़केसे भी इस बुड्ढेकी अक्ल कम है]। वहुवचनमें तथा आगेके और और शब्दमें ऐसे ही रूप तथा प्रयोग हो सकते हैं।

মন+এ = মনে। एके आगे रहनेसे अकारान्त शब्दका अन्तिम अकार लुप्त हो जाता है।

ठेठ बंगलाके आकारान्त शब्दके बाद र या তে रहनेसे कहीं कहीं बीचमें এ या য়ে का आगम होता है; जैसे—পা+র= পাএর या পায়ের (पैरका), পা+তে = পায়েতে (पैरमें), মা+র = মায়ের (माँका), গা+র = গাএর या গায়ের (शरीरका)। अन्य स्वरान्त शब्दमें ऐसा नहीं होता। जैसे—মাথা+র = মাথার (सिरका), মাথা+তে = মাথাতে (सिरमें), নদীর, সাধুর, গরুতে, (गौमें), ভালোর (अच्छेका), আলোতে आदि।

दूसरी भाषाके शब्दमें ऐसा এ या য়ে का आगम कभी नहीं होता। जैसे—মাতা + র = মাতার, আত্মা + র = আত্মার, দুনিয়া+র = দুনিয়ার, ইণ্ডিয়া+র = ইণ্ডিয়ার, ইণ্ডিয়া+তে= ইণ্ডিয়াতে, কমিটীতে, আমেরিকাতে आदि।

अधिकरणकी विभक्ति এ अकारान्त और व्यञ्जनान्त शब्दमें, য় आकारान्त शब्दमें और তে सर्वत्र लगायी जाती है। जैसे লোকে, শরতে, বিদ্যুতে, লতায়, আকাশেতে, লতাতে, মরুতে, বাড়ীতে, ভ্রূতে, ঘটিতে, ছেলেতে, আমাতে इत्यादि।

शब्दरूप

अ-कारान्त प्राणीवाचक বালক (लड़का) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	বালক (बालक, लड़का)	বালকেরা, বালকগুলি (लड़के)
कर्म	বালককে (लड़केको)	বালকদিগকে, বালকদের (लड़कोंको)

হাত, কান, মুখ, পেট, কোমব, নাক, হাড, দোকান, ছাদ, ইট, স্কুল বানর, সিংহ, বাঘ, কুকুব, হরিণ, ষাঁড, ইঁদুর (मूस)* আদি अप्राणीवाचक तथा मनुष्य भिन्न प्राणीवाचक अकारान्त शब्दके रूप গাছ शब्दकी तरह हैं। इन शब्दोंके बहुवचनमें গুলি के बदले সমূহ, সকল आदि बहुत्ववाचक शब्द भी लगाये जाते हैं।

आ-कारान्त प्राणीवाचक বাজা शब्द

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	বাজা	বাজাবা, রাজাগণ
कर्म	বাজাকে	বাজাদিগকে
करण	বাজা দ্বাবা, বাজাকে দিয়া	বাজাদিগেব দ্বাবা, বাজাদিগকে দিযা
सम्प्रदान	বাজাকে	বাজাদিগকে
अपादान	বাজা হইতে	বাজাদিগেব হইতে
सम्बन्ध	বাজাব	রাজাদেব, বাজাদিগেব

---

* परन्तु তেল, জল, মদ, ঘোল, অম্বল (खटाई), আগুন, বাতাস आदि शब्द एकवचनान्त हैं। इनके रूप গাছ शब्दके एकवचनके रूपों-की तरह हैं। निर्देश अर्थ जतानेमें টা, টি के बदले इन शब्दोंके साथ খানি या টুকু जोड़ा जाता है। जैसे—এই দুধটুকু খাও (यह जरासा दूध पी लो), তেলখানি কে ফেলিয়া দিযাছে? (यह तेल किसने गिरा दिया?)। টুকু या খানি के बाद भी कर्मकी विभक्ति नहीं लगायी जाती। টা, টি संख्यावाचक और খানি টুকু परिमाण-वाचक हैं। টি, টুকু प्रेम या स्नेह अर्थमें तथा টা, খানি अवज्ञा अर्थमें इस्तेमाल होते हैं।

सम्बो० ওহে বালক [हे लड़के] ওহে বালকগণ [हे लड़को]

মনুষ্য, পুত্র, পৌত্র, দৌহিত্র, ভাগিনেয় [भांजा], শ্বশুর, পিতামহ, বৃদ্ধ, পাচক, ভিক্ষুক, ডাকাত [डाकू], রাখাল, অন্ধ आदि मनुष्यवाचक शब्दके रूप बालक शब्दकी तरह हैं।

अ-कारान्त अप्राणीवाचक গাছ [पेड़] शब्द

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	গাছ (গাছ্)	গাছগুলি
कर्म	গাছ *	গাছগুলি
करण	গাছ দ্বারা বা দিয়া	গাছগুলি দ্বারা বা দিয়া
सम्प्रदान	গাছকে	গাছগুলিকে
अपादान	গাছ হইতে	গাছগুলি হইতে
सम्बन्ध	গাছের	গাছগুলির
अधिकरण	গাছে	গাছগুলিতে

ভাত, গম, যব, ডিম (अंडा), বাঁশ, বেগুন, আম, কাপড, কলম, দোয়াত, চেয়ার, ফুল, ফল, ঘর, গ্রাম, প্রশ্ন, উত্তর,

---

* अप्राणीवाचक शब्दमें कर्मकी विभक्ति प्राय. नहीं लगायी जाती ; जैसे—গাছ কাট (पेड़ काटो), গাছগুলি কাটিব (पेड़ोंको काटूँगा)। परन्तु जब निर्देश अर्थ जनानेके लिए টা, টি आदि जोड़े जाते हैं, तब उसके बाद कर्मकी विभक्ति लगायी जा सकती है ; जैसे—ঐ ছোট গাছটাকে কাটিয়া ফেল (उस छोटे पेड़को काट डालो)। টা, টি न लगाकर भी कहीं-कहीं निर्देश अर्थ जताया जाता है ; वहाँ कर्मकी विभक्ति लगायी जा सकती है ; जैसे— চারা গাছগুলিকে ছাঁটিয়া সমান করিয়া দাও [पौधोंको छाँट कर बराबर कर दो]। अप्राणीवाचक शब्दके सम्बोधनका प्रयोग प्राय· नहीं होता ।

চাযের বা চাএর इस प्रकार रूप होते हैं। इन शब्दों के अन्य रूप और গাথা, ছাতা, জুতা, পাঁঠা (बकरा), হাতা (कलछुल), পাখা (पंखा), ঘডা (गगरा), দরজা (दरवाजा), ঘণ্টা, মশা (मच्छड़) ভেডা (भेड़ा), ছুঁচা (छछून्दर), পাযরা (कबूतर), ছারপোকা (खटमल), মসলা, কলা, কুমড়া (कोंहडा), ছোলা (चना) आदि आकारान्त अप्राणीवाचक तथा मनुष्य भिन्न प्राणीवाचक शब्दोंके रूप পাতা शब्दकी तरह हैं।

आ-कारान्त प्राणीवाचक स्त्रीलिंग কন্যা शब्द

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	কন্যা (कन्या)	কন্যারা, কন্যাগুলি
कर्म	কন্যাকে	কন্যাদিগকে, কন্যাগুলিকে

दूसरे कारकोंके रूप রাজা शब्दकी तरह हैं।

মাতা, বিমাতা (सौतेली माँ), বিধবা, শ্যালিকা (साली), বালিকা, বৃদ্ধা, বনিতা (पत्नी), সেনা (शेना, सेना) आदि मनुष्य-वाचक आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दोंके रूप কন্যা शब्दोंकी तरह हैं।

इ-कारान्त प्राणीवाचक ভাই शब्द

कर्ता	ভাই (भाइ)	ভাইয়েরা, ভাইএরা (एरा)
कर्म	ভাইকে	ভাইদিগকে

---

* छोटे छोटे भाइयोंको ভাইগুলি, ভাইগুলিকে, ভাইগুলির, ভাইগুলিতে भी कहा जा सकता है। जैसे—তোমার ছোট ছোট ভাইগুলিকে আদর করা উচিত (तुम्हें अपने छोटे छोटे भाइयोंको प्यार करना चाहिये)।

	एकवचन	बहुवचन
अधिकरण	राजाय, राजाते *	राजागणे
सम्बोधन	हे राजा वा राजन्	हे राजागण

प्रजा, चाषा (किसान), पाण्डा, गोयाला, धोपा (धोबी), पिता, भ्राता, खुडा (चाचा), मामा, जामाता, शाला, काना (काना, अन्धा), खोंडा (लंगड़ा), बोबा (गूँगा), काला (बहरा), आदि मनुष्यवाचक आकारान्त शब्दोंके रूप राजा शब्दकी तरह है।

आ-कारान्त अ-प्राणीवाचक पाता (पत्ती) शब्द

कर्ता	पाता (पाता)	पातागुलि (गुलि)
सम्बन्ध	पातार	पातागुलिर
अधिकरण	पाताय, पाताते	पातागुलिते

दूसरे कारकोंके रूप गाछ शब्दकी तरह है।

पा (पैर), गा (अङ्ग, शरीर), चा (चाय) आदि कुछ शब्दोंके सिर्फ सम्बन्धके एकवचनमे पायेर वा पाएर, गायेर वा गाएर,

---

* अधिकरणमें राजार मध्ये, राजागणेर मध्ये, बालकेर मध्ये, बालकगणेर मध्ये, गाछेर मध्ये, गाछगुलिर मध्ये ऐसे रूप ही अधिक प्रचलित हैं। जैसे—राजाते वा राजार मध्ये अष्टदिक्पालेर अंश आछे (राजामें या राजाके भीतर आठ दिक्पालोंके अंश हैं), बालकेर मध्ये एत बुद्धि केमन करिया हइबे ? (बालकमें इतनी अक्ल कैसे होगी ?), आतागुलि बालकगणेर मध्ये भाग करिया दाओ (शरीफाओंको लड़कोंमें बाँट दो), गाछेर मध्ये एकटा बानर आछे (पेड़में एक बन्दर है)।

पर अर्थमे गाछेर उपर, गाछगुलिर उपर ऐसे रूप होते हैं। जैसे—गाछेर उपर पाखी बसियाछे (पेड़ पर चिड़िया बैठी है), गाछगुलिर उपर दिया मेघ याइतेछे (पेड़ोंपरसे बादल जा रहा है)।

दूसरे कारकोंके रूप मुनि शब्दकी तरह हैं। केवल गण के बदले सकल होगा। बुद्धि, मति आदि शब्द विधि शब्दके एक-वचन की तरह होता है। बहुवचनमें इनका प्रयोग नहीं होता।

इ-कारान्त अप्राणीवाचक मई [बाँसकी सीढ़ी] शब्द

	एकवचन	बहुवचन
कर्त्ता	मई [मइ]	मईगुलि
सम्बन्ध	मईएर, मईयेर	मईगुलिर
अधिकरण	मईए, मईये	मईगुलिते

दूसरे कारकोंके रूप गाछ शब्दकी तरह हैं। बई [किताब], छई [नौकाका छप्पर], উई [दीमक], खई [लावा], कडाई [कड़ाही], चई [हरदीकी तरहका एक मूल], कई * [एक मछली], माई [चूची], छाई [राख], बाई [छोटी सरसों], ताई [हाथोंकी ताली], बाई (उन्माद), दुई (दो), दई (दही) आदि शब्द मई शब्दकी तरह हैं। स्त्रीलिंग गाई (गाय) शब्द भी मई शब्दकी तरह है। परन्तु बाई, दुई और दई शब्द एकवचनमें ही इस्तेमाल होते हैं।

इ-कारान्त अप्राणीवाचक घटि (लोटा) शब्द

कर्ता	घटि (घटि)	घटिगुलि
सम्बन्ध	घटिर	घटिगुलिर
अधिकरण	घटिते	घटिगुलिते

---

* कोई कोई खई, कई ओ मई को खै, कै, मै इस तरह लिखते हैं। इस आकारमें भी शब्दरूप ऊपरकी तरह ही हैं।

	एकवचन	बहुवचन
सम्बन्ध	ভাইযের, ভাইএর	ভাইদেব, ভাইদিগেব
अधिकरण	ভাইএ, ভাইযে, ভাইয়েতে	ভাইদিগে, ভাইসমূহে
सम्बोधन	হে ভাই	হে ভাইযেবা, ভাইএরা

दूसरे कारकोंके रूप बालक शब्दकी तरह हैं। জামাই, বেযাই [समधी], কসাই, নন্দাই [ननदोई], চাঁই [मुखिया] आदि इकारान्त मनुष्यवाचक शब्दोंके रूप ভাই शब्दकी तरह है। स्त्रीलिंग দাই शब्द भी ভাই शब्दकी तरह है।

इ-कारान्त प्राणीवाचक মুনি शब्द

कर्ता	মুনি [मुनि]	মুনিবা, মুনিগণ
सम्बन्ध	মুনির	মুনিদেব, মুনিদিগেব
अधिकरण	মুনিতে	মুনিগণে
सम्बोधन	হে মুনি বা মুনে	হে মুনিগণ

दूसरे कारकोंके रूप বাজা शब्दकी तरह हैं।

ঋষি, পতি, যতি आदि मनुष्यवाचक इकारान्त शब्दोंके रूप মুনি शब्द की तरह हैं।

इ-कारान्त प्राणीवाचक स्त्रीलिंग বিবি [बीबी] शब्द

	एकवचन	बहुवचन
कर्त्ता	বিবি [बिबि]	বিবিবা, বিবি সকল (शकल)
कर्म	বিবিকে	বিবিদিগকে, বিবি সকলকে
अधिकरण	বিবিতে	বিবি সকলে

	एकवचन	बहुवचन
सम्बन्ध	নদীর	নদীগুলির
अधिकरण	নদীতে	নদীগুলিতে, নদীসকলে

दूसरे कारकोंके रूप গাছ शब्दकी तरह हैं।

বাড়ী मकान, কুঠরী कोठरी, চামেলী, সূর্য্যমুখী, সুপারী, মৌরী सौंफ, হরীতকী हरें, कस्तुरी, পুষ্করিণী तालाब, হাতুড়ী हाथौड़ी आदि अप्राणीवाचक शब्द ; হাতী, বেঁজী, পাখী चिड़िया, কাঠবিড়ালী गिलहरी, শকুনী गीध आदि प्राणीवाचक पुल्लिंग शब्द तथा বাঘিনী, সিংহী, কুকুরী, ঘোটকী, ছাগলী बकरी, ভেড়ী भेड़, মুরগী मुर्गी, বিড়ালী बिल्ली आदि प्राणीवाचक स्त्रीलिंग शब्द নদী शब्दके तुल्य हैं।

उ-कारान्त प्राणीवाचक সাধু शब्द

कर्ता	সাধু	সাধুরা, সাধুগণ
सम्बन्ध	সাধুর	সাধুদিগের, সাধুদের
अधिकरण	সাধুতে	সাধুগণে

दूसरे कारकोंके रूप রাজা शब्दकी तरह हैं। বন্ধু दोस्त, শত্রু दुश्मन, কলু आदि उकारान्त पुल्लिंग तथा পুত্রবধূ आदि ऊकारान्त स्त्रीलिंग प्राणीवाचक शब्द সাধু शब्दके तुल्य हैं।

निकृष्ट प्राणीवाचक उ-कारान्त পশু जानवर शब्द।

कर्ता	পশু	পশুগুলি *

* গুলি कुछ निर्देश अर्थ प्रकाश करता है। जाति अर्थमें इसका प्रयोग नहीं होता। जैसे,—এই পশুগুলি দেখিতে বেশ সুন্দর (ये

दूसरे कारकोंके रूप গাছ शब्दकी तरह हैं।

চিনি [चीनी]. রুটি (रोटी), লাঠি [डंडा], ছুরি [चाकू], কাঁচি [कैंची], মশারি [मसहरी], হাঁড়ি [हण्डी], টুপি [टोपी], গদি, ঘড়ি, আংটি, শিশি, চিঠি, কড়ি, চাবি, আলমারি, চিরুণি कंघी, ছবি तस्वीर, ঘি घी, কালি स्याही, মাটি मिट्टी, आदि शब्द ঘটি शब्दकी तरह हैं। परन्तु ঘি, কালি और মাটি शब्द एकवचनमे ही इस्तेमाल होते हैं।

ई-कारान्त प्राणीवाचक সম্বন্ধী [साला] शब्द।

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	সম্বন্ধী सम्बन्धी	সম্বন্ধীরা, সম্বন্ধীগণ
कर्म	সম্বন্ধীকে	সম্বন্ধীদিগকে
अधिकरण	সম্বন্ধীতে	সম্বন্ধীগণে, সম্বন্ধীসকলে

दूसरे कारकोंके रूप রাজা शब्दकी तरह हैं।

স্বামী, সন্ন্যাসী, ব্রহ্মচারী, মালী, বাদী, সাক্ষী, দরজী, তেলী, মিস্ত্রী, গৃহী गृहस्थ, দেহী आत्मा, ধনী, মানী, জ্ঞানী, ঋণী आदि पुल्लिंग शब्द तथा স্ত্রী, ভগিনী, ভাগিনেয়ী भांजी, খুড়ী चाची, পিতামহী दादी, পৌত্রী, শাশুড়ী सास, পিসী बूआ, মাসী मौसी, রাণী, তেলিনী तेलिन, ধোপানী धोबिन आदि स्त्रीलिंग शब्द সম্বন্ধী शब्दके तुल्य हैं।

ई-कारान्त अप्राणीवाचक নদী शब्द।

कर्ता	নদী नदी	নদীগুলি, নদীসকল नदियाँ
कर्म	নদী, নদীকে	নদীগুলি, নদীগুলিকে

	एकवचन	बहुवचन
करण	বউকে দিযা	বউদেব দিয়া, বউসকলকে দিযা
सम्प्रदान	বউকে	বউদের, বউসকলকে
अपादान	বউ হইতে	বউদেব হইতে, বউসকল হইতে
सम्बन्ध	বউএর, বউয়েব	বউদিগের, বউদেব, বউসকলের
अधिकरण	বউএ, বউএতে, বউএব মধ্যে	বউদেব যা বউ সকলেব মধ্যে
सम्बोधन	ও বউ	ও বউএবা, ও বউযেবা

कोई कोई বউ को বৌ लिखते हैं ; इस आकारमें भी उसके रूप বউ शब्दके तुल्य हैं।

ए-कारान्त प्राणिवाचक ছেলে (लड़का) शब्द

कर्ता	ছেলে	ছেলেবা
कर्म	ছেলেকে	ছেলেদিগকে, ছেলেদের
सम्बन्ध	ছেলের	ছেলেদিগেব, ছেলেদেব
अधिकरण	ছেলেয়, ছেলেতে	ছেলেদিগে, ছেলেদিগেব মধ্যে

दूसरे कारकोंके रूप বালক शब्दकी तरह हैं।

• পিসে फूफा, মুটে कुली, জেলে धीवर, দুবে, চোবে, বেনে बनिया आदि पुल्लिंग तथा মেযে लड़की, কনে दुलहिन आदि स्त्रीलिंग शब्द ছেলে शब्दके तुल्य हैं।

उसीका प्रयोग कर्ममें होता है और कर्ममें इस रूपका प्रयोग দিগকে, গণকে, সকলকে आदिसे अच्छा है। जैसे,—'ছেলেদেব' ডাক [लड़कोंको बुलाओ)।

	एकवचन	बहुवचन
सम्बन्ध	পশুর	পশুগুলির
अधिकरण	পশুতে	পশুগুলিতে

दूसरे कारकोंके रूप গাছ शब्द की तरह हैं।

পেরু, जन्तु जानवर, সাগু साबूदाना, কচু अरवी, আলু, লেবু नींबू, উরু जांघ, হাঁটু घुटना, চক্ষু आँख, বাহু भुजा, ভ্রূ भौं, বালু, চাটু तवा आदि शब्द পশু शब्दके तुल्य हैं।

परन्तु লাউ लौकी, शब्दमे লাউএর বা লাউযের और লাউযেতে इस प्रकार के रूप होते हैं।

उ-कारान्त प्राणीवाचक स्त्रीलिंग বউ (बहू, पत्नी) शब्द।

कर्ता	বউ	বউরা, বউ এরা, বউযেরা, বউগুলি, বউসকল
कर्म	বউকে	বউদের, * বউসকলকে

जानवर देखनेमें बहुत खूबसूरत हैं)। जाति अर्थमें कभी-कभी बहुवचनकी विभक्तिका चिन्ह लगाया ही नहीं जाता, कभी-कभी वा लगाया जाया है। जैसे—'পক্ষী' অপেক্ষা 'পশুরা' বুদ্ধিমান [चिड़ियोंसे जानवर अक्लमन्द हैं], বন্য 'পশুরা' দিনের বেলায বাহির হয় না [जंगली जानवर दिनको नहीं निकलते)। मनुष्य भिन्न सब प्राणीवाचक शब्दोंके सम्बन्धमें ही ऐसा समझना चाहिए।

* कर्मके बहुवचनमें प्राय. सम्बन्धके बहुवचनका रूप ही इस्तेमाल होता है। परन्तु দিগের, গণের, সকলের आदि युक्त रूपोंका कर्ममें इस्तेमाल कभी नही होता। सिर्फ দিগের के बदले जो দের होता है;

ছোট छोटा, বড় बड़ा, খাট नाटा, মেজ मझला, সেজ तीसरा, ভাল अच्छा, কাল काला, এগার ११, বার १२, তের १३, চৌদ্দ १४, পনর १५, ষোল १६, সতের १७, আঠার १८, आदि कुछ अकारान्त विशेषण हैं जिनके अन्तिम अकारका उच्चारण ओकारसा होता है, उनके रूप মেসো या কেঁচো शब्दकी तरह हैं। अथात् इनमें से यदि कोई शब्द मनुष्यवाचक शब्दके बदलेमे व्यवहृत हो तो उसके रूप মেসো शब्दकी तरह और यदि वह निकृष्ट प्राणीवाचक या अप्राणीवाचक शब्दके बदलेमे हो तो उसके रूप কেঁচো शब्दकी तरह होते है। जैसे—বড়রা আসিতেছেন बड़ेलोग आ रहे हैं, বড়দের কথাই স্বতন্ত্র बड़ोंकी बात ही अलग है, ভালগুলি (আম) তোমাকে দিব अच्छे आमों को तुम्हें दूँगा, আঠারর নামতা মুখস্থ কর अठारहका पहाड़ा याद करो। এগার, বার आदि संख्यावाचक विशेषणोंका बहु-वचन नहीं होता।

अनुस्वारयुक्त अप्राणीवाचक শিং (सींग) शब्द।

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	শিং	শিংগুলি
सम्बन्ध	শিংএর, শিংয়ের	শিংগুলির

दूसरे कारकोंके रूप গাছ शब्दकी तरह हैं।

রং रंग, ফড়িং टिड्डी, आदि शब्दोंके रूप শিং शब्दके तुल्य हैं।

বক্ষঃ, তমঃ, তেজঃ, মনঃ, যশঃ, आदि विसर्ग-युक्त शब्द जब अकेले रहते हैं तब वंगलामें उनका विसर्ग लुप्त हो कर अ-कारान्त

ए-कारान्त निकृष्ट प्राणीवाचक নেকড়ে (भेड़िया) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	নেকড়ে	নেকড়েগুলি
सम्बन्ध	নেকড়ের	নেকড়েগুলির

दूसरे कारकोंके रूप গাছ शब्दकी तरह हैं। পিঁপড়ে चिऊँटा, ধেড়ে ऊदबिलाव, কুঁড়ে झोंपड़ी, টিমে दीया, পেঁপে पपीता, ধনে धनिया, आदि शब्द নেকড়ে शब्दके तुल्य हैं।

ओ-कारान्त प्राणीवाचक মেসো (मौसा) शब्द।

कर्ता	মেসো	মেসোরা
सम्बन्ध	মেসোর	মেসোদের

दूसरे कारकोंके रूप ছেলে शब्दकी तरह हैं।

ओ-कारान्त अप्राणीवाचक পোলাও (पुलाव) शब्द।

कर्ता	পোলাও	পোলাওগুলি
सम्बन्ध	পোলাওএর, পোলাওয়ের	পোলাওগুলির

दूसरे कारकोंके रूप বই शब्दकी तरह हैं।

ओ-कारान्त निकृष्ट प्राणीवाचक কেঁচো (केंचुआ) शब्द।

कर्ता	কেঁচো	কেঁচোগুলি
सम्बन्ध	কেঁচোর	কেঁচোগুলির

दूसरे कारकोंके रूप পাতা शब्दकी तरह हैं।

আলো प्रकाश, পাতকো कुआँ, ফটো फोटो, आदि ओकारान्त शब्दोंके रूप কেঁচো शब्दके तुल्य हैं।

सर्वनाम

संज्ञाको बार-बार न कहकर उसके बदले में जो शब्द इस्तेमाल होता है, उसे सर्वनाम कहते हैं, जैसे—কবিরাজ মহাশয় বলিলেন;—তিনি কাল আবার আসিবেন (वैद्यजीने कहा—वे कल फिर आयेंगे)। यहाँ তিনি शब्द सर्वनाम है क्योंकि वह কবিরাজ মহাশয় के बदलेमें बैठा है।

আমি (मैं), মুই (मैं), তুমি (तुम), তুই (तू), সে (वह), আপনি (आप), যে (जो व्यक्ति), যাহা (जो चीज), ইহা (यह चीज), এ (यह व्यक्ति), ও (वह व्यक्ति), উহা (वह चीज), তাহা (वह चीज), কোন (कौन चीज), কে (कौन व्यक्ति), কি (क्या), और কেহ (कोई)—ये सर्वनाम शब्द हैं।

विभक्ति लगाने पर सर्वनाम शब्दोंके स्वरूप ही बदल जाते हैं। कर्ताके बहुवचनमें अलग ही रूप होता है। जैसे—

सर्वनाम शब्द	विभक्तियुक्त रूप	कर्ताके बहुवचनके रूप
আমি (मैं)	আমা (मुझ)	আমরা (हम)
মুই (मैं)	মো (मुझ)	মোরা (हम)
তুমি (तुम अकेले)	তোমা (तुम)	তোমরা (तुमलोग)
তুই (तू)	তো (तू)	তোরা (तुमलोग अनादरणीय)
সে (वह)	তাহা, তা (उस)	তাহারা, তারা (वे)
তিনি (वह आदरणीय)	তাঁহা, তাঁ (उन)	তাঁহারা, তাঁরা (वे आ०)
আপনি (आप)	আপনা (आप)	আপনারা (आपलोग)
যে [जो व्यक्ति]	যাহা, যা [जिस]	যাহারা, যারা [जो लोग]

शब्द बन जाते हैं और उनके रूप अप्राणीवाचक গাছ शब्द की तरह होते हैं। जब ये दूसरे शब्द से मिल जाते हैं तब कोई कोई इनका विसर्ग नहीं रखते ; परन्तु संस्कृतके पक्षपाती लोग विसर्ग लगा कर ही प्रयोग करते हैं। यथा—রজতমমিশ্রিত या রজস্তমোমিশ্রিত ; রজগুণ या রজোগুণ ; তেজযুক্ত या তেজঃপুঞ্জ, তেজস্কর ; মনদুঃখ या মনোদুঃখ, মনঃক্লেশ ; যশসৌরভ या যশঃসৌরভ, যশস্কর इत्यादि। संस्कृतकी सन्धिके नियमानुसार : विसर्गके बदले कहीं ओकार और कहीं स् हो जाता है। ❀

মহান্, শ্রীমান্, বিদ্বান্, বুদ্ধিমান্, ধনবান্, জ্ঞানবান্, বণিক্ সম্রাট্, সৎ, মহৎ आदि व्यंजनान्त मनुष्यवाचक शब्दोंके रूप বালক शब्दके तुल्य हैं। तथा বাক্, দিক্, ষট্ (छः), শরৎ, বিপদ্, সমিধ্ आदि व्यंजनान्त अप्राणीवाचक शब्दोंके रूप গাছ शब्दकी तरह है, परन्तु इन अप्राणीवाचक शब्दोंके बहुवचनके रूप प्राय: इस्तेमाल नहीं होते।

❀ वर्गके प्रथम और द्वितीय वर्ण अर्थात् क, ख, च, छ, ट, ठ, त, थ, प, फ आगे रहे तो : विसर्गके स्थानमें स् हो जाता है ; परन्तु यह स्—च, छ के साथ श् होकर और ट, ठ के साथ ष् होकर मिल जाता है। वर्गके तृतीय, चतुर्थ और पञ्चम वर्ण अर्थात् ग, घ, ङ, ज, झ, ञ, ड, ढ, ण, द, ध, न, ब, भ, म और य, र, ल, व या ह आगे रहे तो अकार सहित : विसर्गके स्थानमें ओकार होता है। और श, ष, स आगे रहे तो : विसर्ग क्रमशः श् ष् स् होता है अथवा विसर्ग ज्यों का त्यो रहता है। कहीं कहीं क, ख, प, फ के आगे रहनेसे भी : विसर्ग ही रहता है।

सर्वनामके रूप

আমি (मैं) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	আমি मैं, मैंने	আমরা हम, हमने
कर्म	আমাকে, আমারে मुझे	আমাদিগকে, আমাদের हमें
करण	আমা দ্বারা, আমার দ্বারা, আমাকে দিয়া मुझसे	আমাদিগের দ্বারা, আমাদের দ্বারা, আমাদিগকে দিয়া हमसे
सम्प्रदान	আমাকে मुझे, मुझको	আমাদিগকে हमें, हमको
अपादान	আমা হইতে मुझसे	আমাদের হইতে हमसे
सम्बन्ध	আমার मेरा	আমাদিগের, আমাদের हमारा
अधिकरण	আমাতে, আমার মধ্যে मुझमें	আমাদিগে, আমাদিগের মধ্যে हममें

सर्वनाममे सम्बोधन नहीं होता, तथा लिंगके भेदसे कुछ परिवर्तन भी नहीं होता।

তুই और মুই को छोड़ कर তুমি, সে, তিনি, আপনি, যে, যিনি, এ, ইনি, ও, উনি, কে आदि सब मनुष्यवाचक सर्वनाम शब्दोंके रूप আমি शब्दके तुल्य हैं। परन्तु ध्यान रखना चाहिये कि १६८-१६९ पृष्ठोंमे इन शब्दोंके जो विभक्तियुक्त रूप लिखे गये हैं उन्हींके साथ विभक्ति लगेगी और वहाँ कर्त्ताके वहु-वचनमे जो रूप लिखे गये हैं, कर्त्ताके वहुवचनमें वे ही रूप होंगे। তুই और মুই शब्दोंमे सिर्फ দ্বারা नहीं लगाया जाता।

सर्वनाम शब्द	विभक्तियुक्त रूप	कर्ताके बहुवचनके रूप
যিনি जो आद०	যাঁহা, যাঁ जिन	যাঁহারা, যাঁবা जो लोग
এই, এ यह व्यक्ति	ইহা, এ इस	ইহাবা, এবা ये व्यक्ति
ইনি यह आद०	ইঁহা, এঁ इन	ইঁহারা, এঁবা ये आद०
ঐ, ও वह व्यक्ति	উহা, ও उस	উহাবা, ওবা वे व्यक्ति
উনি वह आद०	উঁহা, ওঁ उन	উঁহাবা, ওঁবা वे आद०
কে कौन व्यक्ति	কাহা, কা किस	কে কে, কাহাবা কাবা कौन कौन
কেউ, কেহ कोई व्यक्ति,	কোন লোক किसी आदमी	কেহ কেহ, কোন কোন লোক* कोई कोई
যাহা, যা जो चीज	যাহা, যা जिस	যেগুলি, যাহা যাহা, যা যা
ইহা यह चीज	ইহা इस	এগুলি ये चीजें
উহা वह चीज	উহা उस	ঐগুলি, ওগুলি वे चीजें
তাহা, তা वह चीज	তাহা, তা उस	ঐগুলি, ওগুলি, সেগুলি
কোন্ कौनसा	কোন্ কাজ या বস্তু किस काम या चीज	কোনগুলি, কোন্ কোন্ কাজ या বস্তু कौन कौन काम या चीजें
কি क्या	কি किस	” ” ”

* 'कोई' अर्थमे কোন शब्दका उच्चारण 'कोनो' सा होता है; परन्तु 'कौन' अर्थमें हलन्त सा ही उच्चारण होता है। जैसे—কোন कोनो লোক আসিয়াছিল कोई आदमी आया था, কোন কোন্ ব্যক্তি আসিয়াছে ? कौन आदमी आया है ?

	एकवचन	बहुवचन
सम्बन्ध	কাহার, কার	কাহাদিগের, কাহাদের, কাদের
अधिकरण	কাহাতে, কাতে, কার মধ্যে	কাহাদিগের, কাহাদের या কাদের মধ্যে

কেহ या কেউ (कोई व्यक्ति) शब्द कर्ताके एकवचनमें तो वैसा ही रहता है, परन्तु दूसरे वचन तथा कारकोंमें उसका रूप কোন লোক इस तरह अकारान्त हो जाता है। अतः अकारान्त বালক शब्दकी उसके तरह रूप होंगे।

अप्राणीवाचक ইহা (यह—चीज या काम) शब्द

कर्ता	ইহা (यह, इसने)	এগুলি, এইগুলি
कर्म	ইহা, ইহাকে (इसे)	এগুলি, এইগুলি, এগুলিকে
करण	ইহা দ্বারা (इससे)	এগুলি দ্বারা या দিয়া
सम्प्रदान	ইহাকে (इसे)	এগুলিকে
अपादान	ইহা হইতে (इससे)	এগুলি হইতে
सम्बन्ध	ইহার (इसका)	এগুলির
अधिकरण	ইহাতে (इसमें)	এগুলিতে

যাহা, উহা और তাহা शब्द ইহা शब्दके तुल्य हैं।

अप्राणीवाचक কি (क्या) शब्द

कर्ता	কি, কিসে (क्या, किसने)	কোন্‌গুলি, কি কি (क्या-क्या, किनने)
कर्म	কি (क्या, किसे)	কোন্‌গুলি, কোন্‌গুলিকে
करण	কি দিয়া (किससे)	কোনগুলি দ্বারা या দিয়া
सम्प्रदान	কি (किसे)	কোন্ গুলিকে (किन्हे)

तुइ (तू) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	তুই (तू)	তোরা (तुम)
कर्म	তোকে, তোরে (तुम्हे)	তোদের (तुम्हें)
करण	তোকে দিয়া (तुम्हसे)	তোদের দিয়া (तुमसे)
सम्प्रदान	তোকে (तुम्हे)	তোদের (तुम्हें)
अपादान	তোর থেকে (तुम्हसे)	তোদের থেকে (तुमसे)
सम्बन्ध	তোর (तेरा)	তোদের (तुम्हारा)
अधिकरण	তোতে, তোর মধ্যে (-में)	তোদের মধ্যে (-में)

मुइ शब्द तुइ शब्दके अनुरूप है। प्राचीन कविता और निम्न श्रेणीके अशिक्षित लोगोंके सिवाय आजकल मुइ शब्दका कोई प्रयोग नहीं करता।

प्राणीवाचक के (कौन) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	কে (कौन, किसने)	কাহারা, কারা
कर्म	কাহাকে, কাকে, কাহারে, কারে	কাহাদিগকে, কাহাদের, কাদের
करण	কাহা या কাহার দ্বারা, কাহাকে দিয়া	কাহাদের या কাদের দ্বারা, কাহাদিগকে দিয়া
सम्प्रदान	কাহাকে, কাকে, কাহারে, কারে	কাহাদিগকে, কাহাদের, কাদের
अपादान	কাহা হইতে, কা হ'তে या থেকে	কাহাদিগের হইতে, কাহাদের या কাদের থেকে

एकवचनमे ही होते हैं। परन्तु जब ये निकृष्ट प्राणीवाचक तथा अप्राणीवाचक शब्दके बदलेमे बैठते हैं तब इनके रूप গাছ शब्दकी तरह दोनों वचनोंमे ही होते हैं। जैसे,—সব মেয়েলোক [सब औरतें], সবগুলি গাছ, যে সকল প্রজা [जो सब रैयत], সকলগুলির মধ্যে ; অনেক রাজা, অনেকগুলি আম इत्यादि।

নিজ शब्दके रूप বালক शब्दके तुल्य हैं। परन्तु इसके बहुवचनमे দিগ के बदले দের ही होता है। बहुतसे लोग इसके कर्म और सम्बन्धमें एकारान्त करके लिखते हैं। जैसे—নিজেকে, নিজেদের।

যে, সে, এ, ও, এই, ঐ, কোন और কি शब्द कभी-कभी विशेषण रूपसे भी इस्तेमाल होते हैं ; जैसे—

যে ব্যক্তি কাল আসিয়াছিল [जो आदमी कल आया था]
সে চাকরটা বড় খারাপ ছিল [वह नौकर बड़ा खराब था]
এ বাড়ীতে কে থাকে ? [इस मकानमे कौन रहता है ?]
ও পুকুরে আমি নাইব না [उस तालाबमे मैं नहीं नहाऊँगा]
এই কুকুরটা কাল [यह कुत्ता काला है]
ঐ ফুলটা ছিঁড়িয়া আন (वह फूल तोड़ लाओ)
কোন্ জায়গায় বসিব ? (किस स्थान पर बैठूँगा ?)
কি জিনিষ আনিয়াছ ? (क्या चीज लाये हो ?)

यहाँ যে, সে, এ, ও, এই, ঐ, কোন্ और কি शब्द क्रमश ব্যক্তি, চাকর, বাড়ী, পুকুর, কুকুর, ফুল, জায়গা और জিনিষ के विशेषण रूपसे बैठे हैं।

अपादान	কি হইতে (किससे)	কোনগুলি হইতে (किनसे)
सम्बन्ध	কিসের (किसका)	কোনগুলির (किनका)
अधिकरण	কিসের মধ্যে (किसमें)	কোন্‌গুলির মধ্যে (किनमें)

উভয়, অমুক, এক, অনেক, অন্য, পর, অপর, সব, সকল, নিজ, একতর, একতম, অন্যতর, অন্যতম, ইতর आदि कुछ सर्वनाम विशेषण-रूपसे भी इस्तेमाल होते हैं। जैसे—

উভয় (सर्वनाम)—তুমি বল ইহলোকের সুখ অপেক্ষা পারলৌকিক সুখ শ্রেষ্ঠ ; আমি বলি 'উভয়ই' সমান (तुम कहते हो इस लोकके सुखसे परलोकका सुख श्रेष्ठ है ; मैं कहता हूँ दोनों ही बराबर हैं)। यहाँ উভয় शब्द ইহলোকের সুখ तथा পারলৌকিক সুখ दोनोंके बदलेमें बैठा है, इसलिए सर्वनाम है।

উভয় [विशेषण]—'উভয়' লোকের সুখই ধ্বংসশীল [दोनों लोकोंके सुख ही नाशवान है]। यहाँ উভয় शब्द লোক शब्द का विशेषण है।

উভয় शब्द बहुवचनान्त होने पर भी एकवचनमें ही इसके रूप होते हैं। जैसे—উভয়, উভয়কে, উভয়কে দিয়া, উভয় হইতে, উভয়ের, উভয়ের মধ্যে।

অমুক [फलाना], এক, পর [दूसरा], অপর [दूसरा], একতর, একতম, অন্যতর, অন্যতম और ইতর [दूसरा, नीच] शब्द एकवचनान्त हैं और इनके रूप উভয় शब्दकी तरह हैं।

সব, সকল और অনেক शब्द जब मनुष्यवाचक शब्दके बदलेमें बैठते हैं तब इनके रूप উভয় शब्दकी तरह केवल

कर्म

कर्ममे द्वितीया और सप्तमी विभक्तियाँ होती हैं ; जैसे,—

২. 'রামকে' ডাক (रामको बुलाओ), 'তাহাকে' দরকার।

২. 'তোমাকে' মারিব (तुम्हें मारूँगा), 'কাকে' চাও ?

৭ তুমি 'আমায়' কি বলিতে চাও ? (तुम मुझसे क्या कहना चाहते हो ?)

৭. হেন 'জনে' মারিলে নাহিক কোন পাপ (ऐसे आदमीको मारनेसे कोई पाप नहीं है)

कभी-कभी कर्ममें द्वितीया विभक्तिका लोप हो जाता है; जैसे—

'ছেলে' খুঁজিতে গিযাছিলাম (मैं लड़का ढूँढ़ने गया था)

'গাছ' কাটিব (पेड़ काटूँगा), 'এক টাকা' দি ?

'জল' খাইবে কি ? (क्या पानी पियोगे ?)

कभी कभी द्वितीयाके কে के बदले রে या এরে होता है। जैसे,—

'তাহারে' বল (उससे कहो), 'তোমারে' বলিবে যে

'ছেলেরে' ডাকিয়া করাও (लड़केको बुलाकर कराओ)

'রামেরে' কহিও (रामसे कहना), 'সীতারে' আনিতে যাব।

षष्ठीके बहुवचनमे দিগের के बदले जो দের होता है, उसका भी कभी कभी कर्मके बहुवचनमे प्रयोग होता है। जैसे,—

'বালকদের' ডাকিযা বল (लड़कोंको बुला कर कहो)

'কাঙ্গালীদের' খাওয়াইলে পুণ্য হয (कंगालियोंको खिलाने से पुण्य होता है)

विभक्तिके प्रयोग

कर्ता

कर्तामें प्रथमा, द्वितीया, तृतीया और सप्तमी विभक्तियाँ होती हैं; जैसे,—

१. 'রাম' পড়িতেছে राम पढ़ रहा है।
१. 'আমরা' যাইব না हम लोग नहीं जायेंगे।
२. 'তোমাকে' পড়িতেই হইবে तुम्हे पढ़ना ही होगा।
२. 'রামকে' যাইতে হইল रामको जाना पड़ा।
३. 'তাহা দ্বারা' প্রবন্ধ পঠিত হইল उससे लेख पढ़ा गया।
३. 'তোমাকে দিয়া' এ কাজ হইবে না तुमसे यह काम नहीं होगा।
७. 'লোকে' বলে लोग कहते हैं।
७. 'গাছে' কথা বলিতে পারে না पेड़ बोल नहीं सकता
७. 'ঘোড়ায়' ঘাস খায় घोड़े घास खाते हैं।
७. অপূর্ব্ব বচিল লক্ষ্য দ্রুপদ 'নৃপেতে' द्रुपद राजाने अपूर्व लक्ष्यकी रचना की

कभी कभी कर्तामें तृतीया के बदले कर्त्तृक शब्दका प्रयोग होता है, जैसे,—

३. 'ভৃত্য কর্ত্তৃক' একটী অশ্ব ধৃত হইয়াছে नौकरसे एक घोड़ा पकड़ा गया है।
३. 'আমা কর্ত্তৃক' লিখিত হইয়াছে मुझसे लिखा गया है।

कर्ममें কে के बदले जो রে या এরে होता है उसका प्रयोग सम्प्रदानमें भी हो सकता है। जैसे,—

'ধনীরে' ধন দেওয়া বৃথা [धनीको धन देना वृथा है]

'দীনেরে' করিলে দান সফল জনম [गरीबको दान देनेसे जन्म सफल होता है]

अपादान

अपादानमें पंचमी तथा सप्तमी विभक्तियाँ होती हैं ; जैसे—

'বৃক্ষ হইতে' ফল পড়িল [पेड़से फल गिरा]

'ঘর হইতে' বাহির হইব না [घरसे नहीं निकलूँगा]

সে 'কাশী থেকে' চলিয়া গিয়াছে [वह काशीसे चला गया है]

সে 'গাছ থেকে' লাফাইয়া পড়িল [वह पेड़से कूद पड़ा]

'লোকমুখে' শুনিলাম [मैंने लोगोंके मुँहसे सुना]

तृतीयाकी দিয়া विभक्तिका योग करके भी पंचमीका अर्थ प्रकट किया जाता है। जैसे,—

আমার 'মুখ দিয়া' এমন কথা বাহির হয় না
[मेरे मुखसे ऐसी बात नहीं निकलती]

सम्बन्ध

सम्बन्धमें षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे,—

'আমার' মা আসিয়াছেন [मेरी माँ आयी हैं]

'কাকার' পা ভাঙ্গিয়াছে [चाचाका पैर टूट गया है]

'গাছের' ডাল কাট [पेड़की डार काटो]

'পায়ের' আঙ্গুল ফুলিয়াছে [पैरकी अँगुली सूजी है]

करण

करणमें तृतीया और सप्तमी विभक्तियाँ होती हैं। जैसे,—

'দন্ত দ্বারা' চর্ব্বণ করিতেছে (दाँतोंसे चबा रहा है)

'কলম দিয়া' লিখিতেছি (कलमसे लिख रहा हूँ)

'পা দিয়া' চলিতেছে (पैरसे चल रहा है)

এ 'কলমে' লেখা যায় না (इस कलमसे लिखा नहीं जाता)

খাদ্য 'দন্তে' পিষ্ট হয় (खाना दाँतोंसे पीसा जाता है)

'গাড়ীতে' মাল আনা হইয়াছে (गाड़ीसे माल लाया गया है)

कभी कभी করিয়া शब्द लगा कर करणकी तृतीया विभक्तिका लोप किया जाता है। ऐसे प्रयोगमें प्रायः सप्तमी विभक्ति लगाकर तब করিয়া लगाया जाता है। जैसे,—

'ঘটী করিয়া' জল তুলিতেছে (लोटेसे पानी भर रहा है)

'পিঠে করিয়া' বোঝা উঠাইতেছে (पीठसे बोझ उठा रहा है)

'হাতে করিয়া' দিয়াছি (मैंने हाथसे दिया है)

'মাথায়' করিয়া আনিয়াছি (सिर पर रखकर लाया हूँ)

सम्प्रदान

सम्प्रदानमे चतुर्थी और सप्तमी विभक्तियाँ होती हैं, जैसे,—

'ক্ষুধার্ত্তকে' অন্ন দাও (भूखेको अन्न दो)

'তাহাকে' বই দিয়াছি (मैंने उसे किताब दी है)

'তোমায়' দিলাম [मैंने तुम्हे दिया]

'দুর্য্যোধনে' কন্যা দিব [दुर्योधनको कन्या दूँगा]

ऊपरके सब विशेषण गुण प्रकाश करते हैं। 'युवा पुरुष (जवान आदमी) इस वाक्यमे युवा शब्द पुरुष की अवस्था और 'কুড়ি' টাকা (बीस रुपये) इस वाक्यमे कुड़ि शब्द टाका की संख्या प्रकट करता है, इसलिए ये दोनों भी विशेषण हैं।

कभी कभी विशेषण विशेष्यके बाद बैठता है। जैसे,— ছেলেটী 'বুদ্ধিমান' (यह लड़का बुद्धिमान है), তেঁতুল 'টক' (इमली खट्टी है), বাঘ 'ভয়ানক' ছিল (शेर डरावना था)।

सर्वनामका विशेषण सदा उसके बाद ही बैठता है जैसे,—আপনি 'অত্যন্ত' 'দয়ালু' (आप बड़े दयालु हैं), তুমি 'মিথ্যাবাদী' (तुम झूठे हो)।

विशेषणमें प्रायः लिंगभेद नहीं किया जाता। जैसे,— সুন্দর বালক, সুন্দর মেয়ে (लड़की), খোঁড়া (लंगड़ा) মানুষ, খোঁড়া মেয়ে, খোঁড়া গাইগুলি (गायें), ভাল ছেলে (अच्छा लड़का), ভাল বোন (अच्छी बहिन), ভাল বউ (अच्छी बहू)।

किसी किसी विशेषणमे किसी-किसी स्थानमे लिंगभेद किया भी जाता है। जैसे,—

মেয়েটি বেশ 'সুন্দরী' (लड़की बहुत खूबसूरत है)

'খুঁড়ী' খোঁড়াইতে খোঁড়াইতে আসিল

(लंगड़ी लंगड़ाते लंगड़ाते आयी)

এই স্ত্রীলোকটী আমার 'অপরিচিতা'

(यह स्त्री मेरी अपरिचित है)

अधिकरण

अधिकरणमें सप्तमी विभक्ति होती है ; जैसे,—

'ঘরে' লোক নাই (घरमें आदमी नहीं हैं)

'মাথায়' চুল নাই (सिरमें बाल नहीं है)

'ধ্যানেতে' দেখিনু আমি কমললোচন

(मैंने ध्यानमें कमल-नयनको देखा)

विशेषण

जिससे किसीका गुण, अवस्था या संख्या प्रकट होती है उसे विशेषण कहते हैं। जैसे— 'লম্বা' গাছ (लम्बा पेड़), 'বড' 'কঠিন' কথা (बड़ी कठिन बात है), 'আস্তে আস্তে' চল (धीरे धीरे चलो)। *

विशेषण तीन प्रकारके हैं,—(१) विशेष्य (संज्ञा) या सर्वनाम का विशेषण, (२) विशेषणका विशेषण और (३) क्रियाका विशेषण। ऊपरके লম্বা গাছ इस वाक्यमें লম্বা विशेष्य (গাছ) का विशेषण है। বড কঠিন কথা इसमें কঠিন विशेष्य (কথা) का विशेषण और বড विशेषण (কঠিন) का विशेषण है। और আস্তে আস্তে চল इसमें আস্তে আস্তে क्रिया (চল) का विशेषण है।

---

* विशेषण विशेष्यका जितना अधिक गुण प्रकाश करता है विशेष्य की संख्या उतनीही घटती जाती है। जैसे—মনুষ্য (सारे मनुष्य), "শ্বেতকায়' মনুষ্য (सुफेद मनुष्य, काले मनुष्य नहीं), 'আমেরিকাবাসী' 'শ্বেতকায়' মনুষ্য [अमेरिकाके सुफेद मनुष्य, युरोप आदि देशोंके सुफेद मनुष्य नहीं]।

पुं० विशेषण	स्त्री० विशेषण	पुं० विशेषण	स्त्री० विशेषण
প্রিয়	প্রিয়া	মুখর	মুখরা (झगड़ालू)
প্রিয়তম	প্রিয়তমা	মুক্তকেশ	মুক্তকেশী
বনবাসী	বনবাসিনী	শ্রীমান্	শ্রীমতী
বিদ্বান	বিদুষী, বিদ্যাবতী	সঙ্গী (साथी)	সঙ্গিনী
বুদ্ধিমান	বুদ্ধিমতী	সহচর [साथी]	সহচরী
ভাগ্যবান	ভাগ্যবতী	সুরূপ	সুরূপা

इसी ढंग पर कुछ बंगला स्त्रीलिंग विशेषण भी बनते हैं। जैसे—অবলা [दुबली], এলোকেশী [खुले बाल वाली], নীলবরণী [नीले रंग वाली], বিদ্যাময়ী [विदुषी], রাগান্বিতা [क्रोधित], পাপিনী, মনোলোভা, স্বরূপিণী इत्यादि।

कुछ तिथिवाचक और विभक्तिवाचक संस्कृत स्त्रीलिंग विशेषण बंगलामे व्यवहृत होते हैं, जैसे,—প্রতিপদা *, প্রথমা, দ্বিতীয়া, তৃতীয়া, চতুর্থী, পঞ্চমী, ষষ্ঠী, সপ্তমী, অষ্টমী নবমী, দশমী, একাদশী, দ্বাদশী, ত্রয়োদশী, চতুর্দ্দশী, অমাবস্যা, পূর্ণিমা, পৌর্ণমাসী।

ये सब तिथिवाचक और विभक्तिवाचक विशेषण विशेष्य रूपसे भी इस्तेमाल होते हैं। जैसे,—

এ পক্ষে 'একাদশী' কবে বলিতে পার কি না ?

[इस पखवारेमें एकादशी कब है बता सकते हो या नहीं ?]

এখানে 'সপ্তমী' হইবে না [यहाँ सप्तमी नहीं होगी]

---

* প্রতিপদা की अपेक्षा প্রতিপদ शब्द बंगलामें अधिक चलता है।

'বিদেশিনী' রমণী বিপদে পড়িয়াছেন

(परदेशी स्त्री आफतमें पड़ी है)

আমার স্ত্রী 'রুগ্না' ※ (मेरी स्त्री बीमार है)

'পাগলী'† আসিয়াছে (पगली आयी है)

তুমি [স্ত্রী] বড় 'অভিমানিনী' (तुम बड़ी अभिमानिनी हो)

संस्कृतमें स्त्रीलिंग बनानेमे विशेष्यके साथ जो আ और ঈ प्रत्यय लगाये जाते हैं, विशेषणमें भी स्त्रीलिंगमें वे ही प्रत्यय लगाये जाते हैं। ऐसे कुछ संस्कृतके विशेषण नीचे लिखे जाते हैं, जो बंगलामें प्रायः इस्तेमाल होते हैं :—

पु० विशेषण	स्त्री० विशेषण	पु० विशेषण	स्त्री० विशेषण
অবসন্ন (थका)	অবসন্না	ক্ষীণাঙ্গ	ক্ষীণাঙ্গী
আকুল (घबड़ाया)	আকুলা	গুণবান	গুণবতী
উৎপাদক (जन्मदाता)	উৎপাদিকা	চপল (चंचल)	চপলা
		চঞ্চল	চঞ্চলা
কুপিত (क्रोधित)	কুপিতা	দয়াবান	দয়াবতী
কোপন (क्रोधी)	কোপনা	নবীন (युवा)	নবীনা (युवती)
কোমলাঙ্গ	কোমলাঙ্গী	পাপী	পাপিনী, পাপীয়সী
কৃশাঙ্গ	কৃশাঙ্গী	প্রবল	প্রবলা

※ जो विशेषण विशेष्यके बाद बैठता है, ज्यादातर उसीमे लिंगभेद किया जाता है।

† পাগলী और খুঁড়ী शब्द विशेषण होने पर भी यहाँ विशेष्यकी तरह इस्तेमाल हुए हैं।

क्रिया

जिस शब्दसे किसी कामका होना या करना समझा जाय उसे क्रिया कहते हैं। जैसे,—আসা (आना), উঠা (उठना), করা (करना), খাওয়া (खाना), বলান [कहलाना] * इत्यादि।

क्रिया दो प्रकारकी है—सकर्मक और अकर्मक।

जिस क्रियाका कर्म रहता है उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं। जैसे,—আমি 'ভাত' খাইতেছি [मैं भात खा रहा हूँ], সে 'পুস্তক' পড়িবে [वह किताब पढ़ेगा]। यहाँ খাইতেছি क्रियाका कर्म ভাত और পড়িবে का পুস্তক है।

जिस क्रियाका कर्म नहीं रहता उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं। जैसे,—ছেলে কাঁদিতেছে [लड़का रो रहा है], তিনি আসিবেন [वह आयेंगे], কে যাইবে ? [कौन जायगा ?]।

আসা आना, উড়া उड़ना, কাঁদা रोना, কাঁপা काँपना, খসা खुलना, अलग होना, খেলা खेलना, ঘটা किसी घटनाका होना, ঘুমান सोना, ঘোরা घूमना, চটা चिढ़ना, क्रोधित होना, চলা चलना, চেঁচান चिल्लाना, জন্মান जन्म होना, उत्पन्न होना,

---

* जैसे हिन्दीकी क्रियाके अन्तमें ना रहता है उसी प्रकार बंगलाकी क्रियाओंके अन्तमें (া) आकार रहता है, सिर्फ प्रेरणार्थक क्रियाके अन्तमें उस आकारके आगे न लगता है। জানান, জাগান, শুনান, ঘুমান आदि कुछ सकर्मक और अकर्मक क्रियाओंके अन्तमेंभी न ही रहता है। इस पुस्तकके ११४ पृष्ठसे १२७ पृष्ठ तक क्रियाकी सूची द्रष्टव्य है।

जो विशेषण विशेष्यरूपसे इस्तेमाल होते हैं उनके साथ संज्ञाकी विभक्ति लगायी जाती है; जैसे,—'দরিদ্রের' মরণই মঙ্গল (गरीबका मरना ही अच्छा है), 'বিদ্বানের' দুঃখ কি ? (विद्वानको दुःख क्या है ?) 'মূর্খে ও 'বিদ্বানে' অনেক তফাৎ (मूर्ख और विद्वानोंमें बहुत अन्तर है), 'একাদশীতে' উপবাস করা উচিত (एकादशीको उपवास करना चाहिये), 'তৃতীয়ার' পরিবর্ত্তে কোন কোন স্থানে 'সপ্তমীর' প্রয়োগ হয় (तृतीयाके बदले किसी किसी स्थानमें सप्तमीका प्रयोग होता है), 'পূর্ণিমার দিন ব্রাহ্মণ ভোজন করাইব।

পাপ, পুণ্য. সত্য, মিথ্যা आदि कुछ विशेष्य भी विशेषण रूपसे इस्तेमाल होते हैं। जैसे,—

'পাপ' চিন্তা ত্যাগ করিবে (पाप चिन्ता छोड़ देनी चाहिये)
'পুণ্য' কার্য্য করা উচিত (पुण्य कार्य करना चाहिये)
সদা 'সত্য' কথা বলিবে (सदा सच बात कहनी चाहिये)
তুমি 'মিথ্যা' কথা বলিতেছ (तुम झूठी बात कहते हो)
'বোবায়' কথা বলিতে পারে না (गूंगा बोल नहीं सकता)
'পাগলে' কি না বলে (पागल क्या नहीं बोलता)
'বোকারা' বেশী কথা বলে [मूर्ख ज्यादा बातें बोलते हैं]

क्रिया-विशेषण 'क्रिया' प्रकरणके आगे एक स्वतन्त्र अध्यायमें दिखाये गये है।

আনিযাছে पुलिस चोर पकड़ कर बाँध लायी है।

যা+ইয়া, আন্+ইযা—'যাইযা' 'আনিযা' দিব जाकर ला * दूँगा,

ভাঙ্+ইয়া, ফেল্+ইযা, পলা+ইয়া—বানরটা ছবিখানি 'ভাঙ্গিযা' 'ফেলিয়া' 'পলাইয়া' গেল वन्दर तस्वीरको तोड़ डाल कर भाग गया।

पूर्वकालिक क्रियाको वंगलामे असमापिका क्रिया कहते हैं क्योंकि इस प्रकारकी क्रियासे वाक्यका कोई अर्थ समाप्त या पूरा नहीं होता, दूसरी समापिका क्रिया लगानेसे तब अर्थ पूरा होता है। जैसे—আমি করিয়া, তিনি যাইযা कहनेसे कोई पूरा अर्थ प्रकट नहीं होता, परन्तु আমি করিয়া যাইব मैं करके जाऊँगा, তিনি যাইযা আনিবেন वे जाकर लायेंगे,—ऐसा कहनेसे ही पूरा अर्थ प्रकट होता है। इसी लिए इनको असमापिका क्रिया कहते हैं।

धातुके साथ ইতে और ইলে जोडकर और भी दो प्रकारसे असमापिका क्रिया बनायी जाती है। जैसे—

পড্+ইতে—সে 'পড়িতে' গিয়াছে वह पढ़ने गया है।

বস্+ইতে—তাহাকে 'বসিতে' দিও না उसे बैठने मत देना

---

* हिन्दीमें पूर्वकालिक क्रियाके बदले कहीं कहीं सिर्फ धातुसे ही काम चलाया जाता है। परन्तु बंगलामें ऐसा नहीं होता, बंगलामें पूर्वकालिक क्रिया बनानेमें ইয়া जोड़ना ही पड़ता है।

জাগা जागना, জ্বলা जलना, ঝরা चूना, गिरना, ঝোঁকা झुकना, টলা हिलना, ঠকা ठगा जाना, हारना, ঠেকা छूआ जाना, लगना, बाधा प्राप्त होना, ডোবা डूबना, থাকা रहना, থামা रुकना, ठहरना, দাঁড়ান ठहरना, खड़ा होना, দৌড়ান दौड़ना নড়া हिलना, নাচা नाचना, পচা सड़ना, পড়া गिरना, পলান भागना, পাকা पकना, পোড়া जलना, ফলা फलवान होना, ফোলা सूजना, বসা बैठना, বাঁকা टेढ़ा होना, বাঁচা जीना, বাড়া बढ़ना, বেড়ান घूमना, टहलना, ভোগা बीमारी या दुःख भोगना, মরা मरना, মিলা मिलना, যাওয়া जाना, যুঝা लड़ना, রাগা क्रोधित होना, শোওয়া लेटना, সরা हटना, হওয়া होना, হাঁকা हाँकना, হাঁপান हाँफना, হাসা हँसना आदि क्रियायें अकर्मक हैं। इनके सिवा अन्यान्य क्रियायें सकर्मक हैं।

पूर्वकालिक क्रिया

हिन्दीमें 'अनन्तर' अर्थमें जहाँ धातुके साथ—'के', 'कर' या 'करके' लगाया जाता है वहाँ बंगलामें धातुके साथ ইয়া जोड़ा जाता है। जैसे,—

কর্+ইয়া—হাতের কাজ শেষ 'করিয়া' যাইব हाथका काम खतम करके जाऊँगा,

খা+ইয়া—'খাইয়া' যাইও खाकर जाना,

উঠ্+ইয়া—'উঠিয়া' বস उठ कर बैठो,

ধর্+ইয়া, বাঁধ্+ইয়া—পুলিশ চোর 'ধরিয়া' 'বাঁধিয়া'

भूतकाल छः प्रकारके हैं,—

(१) सामान्य भूत ; जैसे,—গাছ হইতে ফল পড়িল पेड़से फल गिरा, এ কাজ কে করিল ? यह काम किसने किया ?, আমি খাইলাম मैंने खाया।

(२) आसन्न भूत ; जैसे,—তাহার একটী ছেলে হইয়াছে उसकी एक लड़का हुआ है, আমি বড় বিপদে পড়িয়াছি मैं बड़ी आफतमें पड़ा हूँ।

(३) पूर्ण भूत ; जैसे,—আমি বলিয়াছিলাম मैंने कहा था, সে জিজ্ঞাসা করিল, কাল তোমার কি হইয়াছিল ? उसने पूछा, कल तुम्हें क्या हुआ था ?

(४) सन्दिग्ध भूत ; जैसे,—তোমার চাকরটা ভাঙ্গিয়া থাকিবে তুম্হারে नौकरने तोड़ा होगा, পরশু সে বাঘ দেখিয়া থাকিবে परसों उसने शेर देखा होगा।

[५] अपूर्ण भूत ; जैसे,—তখন আমরা খাইতেছিলাম उस समय हमलोग खा रहे थे, কাল রাত্রিতে সকলে ছাতে দাঁড়াইয়া গ্রহণ দেখিতেছিল कल रातको सबलोग छतपर खड़े होकर ग्रहण देख रहे थे।

(६) हेतुहेतुमद् भूत ; जैसे,—যদি সে বলিত তবে আমি খাইতাম वह कहता तो मैं खाता, যদি তোমার ছেলে এ বছর পরীক্ষা দিত তবে পাশ হইতে পারিত अगर तुम्हारा लड़का इस साल इमतिहान देता तो पास हो सकता।

দেখ্+ইতে—সকলে তামাসা 'দেখিতে' আসিয়াছে [सब लोग तमाशा देखने आये हैं]

মার্+ইতে—সে আমাকে 'মারিতে' আসিয়াছিল [वह मुझे मारने आया था]

দেখ্+ইতে—আমি চন্দ্র 'দেখিতে দেখিতে' চলিলাম [मै चाँद देखते देखते चला]

খা+ইতে—'খাইতে খাইতে' ঘুমাইয়া পড়িল [खाते खाते सो गया]

কর্+ইতে—'করিতে' চায় [करना चाहता है]
দেখা+ইতে—'দেখাইতে' চাই [दिखाना चाहता हूँ]
যা+ইতে—'যাইতে' হইবে (जाना होगा या पड़ेगा]
শুন্+ইতে—'শুনিতে' লাগিলাম [मैं सुनने लगा]
চল্+ইতে—গাড়ী 'চলিতে' লাগিল [गाड़ी चलने लगी]
বুঝ্+ইতে—'বুঝিতে' দাও [समझने दो]
আন্+ইতে—'আনিতে' যাও—लाने जाओ।
বল্+ইতে—মিথ্যা কথা 'বলিতে' নাই—झूठ नहीं बोलना चाहिये

উঠ্+ইতে—প্রত্যূষে 'উঠিতে' হয—सुबह उठना चाहिये
বাড়্+ইতে আজ হইতে গঙ্গার জল 'বাড়িতে' থাকিবে आजसे गंगाका जल बढ़ता रहेगा
হ+ইতে—এইরূপ বৃষ্টি 'হইতে' থাকিলে এবার শস্য ভাল

सन्दिग्ध भूत

उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	प्रथम या अन्य पुरुष
इया थाकिब [थाकिब्बो]	इया थाकिबे	इया थाकिबे

अपूर्ण भूत

इतेछिलाम [इतेछ्लिाम]	इतेछिले	इतेछिल

हेतुहेतुमद् भूत

इताम [इताम]	इते [इते]	इत [इतो]

भविष्यत्

इब [इब्बो]	इबे [इब्बे]	इबे [इब्बे]

अनुज्ञा

	अ, ओ * [अ, ओ]	उक [उक्]

मध्यम पुरुषके तुमि और तोमरा के स्थानमें निरादर अर्थमें तुइ और तोरा तथा आदर अर्थमें आपनि और आपनारा होते हैं। और अन्य पुरुषके से और ताहारा के स्थानमें आदर अर्थमें तिनि और ताँहारा होते हैं। ऊपरकी विभक्तियोंसे निरादर तथा आदर अर्थकी विभक्तियाँ अलग हैं।

निरादरकी विभक्तियाँ क्रमशः—इस्, इतेछिस्, इलि, इयाछिस्,

* अ हलन्त धातुमें और ओ स्वरान्त धातुमें लगता है ; जैसे,— कर्+अ=कर [करो], चल्+अ=चल (चलो), ह+ओ=हओ [हो], ल+ओ=लओ लो, खा+ओ = खाओ खाओ, या = ओ = याओ जाओ। अनुज्ञामें कर, चल आदिका उच्चारण करो, चलो आदि की तरह होता है।

भविष्यत् काल एक ही है; जैसे,—আমি যাইব [मैं जाऊँगा], সে কাজ করিবে (वह काम करेगा)।

अनुज्ञा वर्तमानके अन्तर्गत हैं; जैसे,—তুমি যাও (तुम जाओ), সে করুক [वह करे], আপনি যান [आप जाइये]।

क्रिया-विभक्ति

सामान्य वर्तमान

उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	प्रथम या अन्य पुरुष
(আমি, আমরা)	[তুমি, তোমরা]	[সে, তাহারা]
ই [इ]	অ,ও * [अ, ओ]	এ, য [ए, य]

तात्कालिक वर्तमान

ইতেছি [इतेछि]	ইতেছ [इतेछो]	ইতেছে [इतेछे]

सामान्य भूत

ইলাম [इलाम]	ইলে [इले]	ইল [इलो]

आसन्न भूत

ইয়াছি [इयाछि]	ইয়াছ [इयाछो]	ইয়াছে [इयाछे]

पूर्ण भूत

ইয়াছিলাম [इयाछिलाम]	ইয়াছিলে	ইয়াছিল (इयाछिलो)

---

* অ और এ हलन्त धातुमें लगता है। ও और য় स्वरान्त धातु में होता है। जैसे—কর্+অ=কর (करो, करते हो), কর্+এ=করে (करता है); হ+ও=হও [होते हो], হ+য=হয় (होता है), খা+ও= খাও [खाते हो], খা+য=খায [खाता है]। दूसरी विभक्तियाँ सभी धातुओं में लगती हैं, जैसे—আমি আসিলাম, কে যাইত।

	उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	अन्य पुरुष
आदर अर्थमें—		করেন (आप करते हैं)	করেন '(वे -)
निरादर-अर्थमें—		করিস্ (तू करता है)	—

तात्कालिक वर्तमान

	করিতেছি (कर रहा हूँ)	করিতেছ (रहे हो)	করিতেছে (रहा है)
आदर अर्थमें—		করিতেছেন	করিতেছেন
निरादर अर्थमें—		করিতেছিস্	—

सामान्य भूत

	করিলাম (मैंने किया)	করিলে (तुमने..)	করিল (उसने...)
आ० अ०—		করিলেন (आपने....)	করিলেন (उन्होंने··..)
निरा० अ०—		করিল (तूने किया)	—

आसन्न भूत

	করিয়াছি (मैंने किया है)	করিয়াছ (तुमने....)	করিয়াছে (उसने)
आ० अ०—		করিয়াছেন (आपने....)	করিয়াছেন (उन्होंने ··)
निरा० अ०—		করিয়াছিস্ (तूने····)	—

पूर्ण भूत

	করিয়াছিলাম (मैंने किया था)	করিয়াছিলে (....थे)	করিয়াছিল [था]
आ० अ०—		করিয়াছিলেন [....थे]	করিয়াছিলেন [....थे]
निरा० अ०—		করিয়াছিলি [तूने किया था]	—

धातुकी तरह हैं। परन्तु আট্, ফুট্, বাজ্ आदि जिन धातुओंमें मनुष्य कर्ता नहीं हो सकता उनके आदर अर्थ, निरादर अर्थ, उत्तम तथा मध्यम पुरुषके रूप नहीं होते। केवल अन्य पुरुषके साधारण अर्थके ही रूप होते हैं।

ইয়াছিলি, ইয়া থাকিবি, ইতেছিলি, ইতিস, ইবি और अनुज्ञामें केवल धातुमात्र है।

आदरकी विभक्तियाँ क्रमशः— এন, ইতেছেন, ইলেন, ইয়াছেন, ইয়াছিলেন, ইয়া থাকিবেন, ইতেছিলেন, ইতেন, ইবেন और উন * हैं।

धातुरूप

हलन्त कর্ করना धातु

सामान्य वर्तमान

उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	अन्य पुरुष
করি † करि, करता हूँ	কর করো	করে करे

---

* এন और উন हलन्त तथा अकारान्त धातुमें ही लगता है, आकारान्त आदि धातुमे এ और উ का लोप हो जाता है, केवल ন रह जाना है। आजकल बहुत लोग अकारान्त धातुमे भी এ और উ का लोप कर देते हैं। जैसे,—ধর+এন=ধরেন पकड़ते हैं, ল+এন=লএন, লযেন या ল'ন लेते हैं ; যা+এন=যা'ন जाते हैं ; কর্+উন = করুন करे, চল্+উন = চলুন चले, হ+উন = হউন या হ'ন हों, ল+উন = লউন या ল'ন ले, খা+উন = খান खायँ, যা+উন = যান जायँ।

† दोनों वचनों तथा दोनों लिंगोंमे क्रियाका रूप एकसा रहता है ; जैसे,-আমি করি मैं करता हूँ, আমরা করি हम करते हैं, বালক করে लड़का करता है, বালকেরা করে लड़के करते हैं, বালিকা করে लडकी करती है, বালিকারা করে लड़कियाँ करती हैं। इस पुस्तकके प्रथम खण्डमे क्रियाओंके विभिन्न कालोंके रूप क्रमशः अर्थ सहित विस्तारके साथ दिखाये गये हैं।

আস্, থাক্, আছ্, লিখ্, শুন্, চাহ্, বহ্ और দ্ आदि कुछ धातुओंके सिवाय উঠ্, কাট্, দেখ্, মার্, ধর্ आदि सब हलन्त धातुओंके रूप কর্

हलन्त আস্ [आना] धातु

सामान्य वर्तमान

	उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	अन्य पुरुष
	আসি मैं आता हूँ	এস * एशो, आते हो	আসে आता है
आदर अर्थमें	—	আসেন आते हैं	আসেন आते हैं
निरादर अर्थमें	—	আসিস্ तू आता है	—

सामान्य भूत

	আসিলাম, এলাম †	আসিলে, এলে आये	আসিল, এল
आ० अ०	—	আসিলেন, এলেন	আসিলেন, এলেন
निरा० अ	—	আসিলি, এলি तू आया	—

अनुज्ञा

	—	এস * एशो, आओ	আসুক आये
आ० अ०	—	আসুন आइये	আসুন आयें
निरा० अ०	—	আয় * तू आ	—

अन्यान्य कालोंमें কর্ धातुकी तरह रूप हैं।

---

* वर्तमान और अनुज्ञामें আস के बदले এস होता है। पद्यमें कहीं कहीं এস के स्थानमें আইস और আসে के स्थानमें আইসে होता है। अनुज्ञाके निरादर अर्थमें আস্ न होकर (তুই या তোরা) আয় होता है।

† सामान्य भूतमें जो दो प्रकारके रूप लिखे गये, उनमें এলাম, এলে आदि कथित भाषामें ही अधिक इस्तेमाल होते हैं। कथित भाषाके रूप इस पुस्तकके चतुर्थ खण्डमें द्रष्टव्य है। पद्यमें कदाचित् আইলাম, আইলে और আইল [या আইলা] का प्रयोग देखा जाता है।

সন্দিগ্ধ ভূত

	উত্তম পুরুষ	মধ্যম পুরুষ	অন্য পুরুষ
	করিয়া থাকিব किया होगा	করিয়া থাকিবে	করিয়া থাকিবে
আ০ অ০	—	করিয়া থাকিবেন	করিয়া থাকিবেন
নিরা০ অ০	—	করিয়া থাকিবি तूने किया होगा	—

অপূর্ণ ভূত

	করিতেছিলাম मैं करता था,	করিতেছিলে तुम,	করিতেছিল
আ০ অ০	—	করিতেছিলেন	করিতেছিলেন
নিরা০ অ০	—	করিতেছিলি तू करता था	—

হেতুহেতুমদ্ ভূত

	করিতাম मैं करता	করিতে तुम करते	করিত
আ০ অ০	—	করিতেন आप करते	করিতেন
নিরা০ অ০	—	করিতিস্ तू करता	—

ভবিষ্যত্

	করিব मैं करूँगा	করিবে तुम करोगे	করিবে
আ০ অ০	—	করিবেন आप करेंगे	করিবেন
নিরা০ অ০	—	করিবি तू करेगा	—

অনুজ্ঞা

	—	কর करो	করুক वह करे
আ০ অ০	—	করুন आप करें	করুন वे करें
নিরা০ অ০	—	কর্ तू कर	—

सामान्य भूत

	ছিলাম मै था	ছিলে तुम थे	ছিল वह था
आ० अ०	—	ছিলেন आप थे	ছিলেন वे थे
निरा० अ०	—	ছিলি तू था	—

और किसी कालमे इसके रूप नहीं होते। इसके प्रयोग इस प्रकार हैं— আমি আছি मै हूँ, তাঁহারা আছেন वे हैं, সতীশ আজকাল কলিকাতায় আছে सतीश आजकल कलकत्तेमे है, আমরা ছিলাম हम थे, তুই ছিলি तू था. এ ঘরে একটা কুকুর ছিল इस घरमे एक कुत्ता था। भविष्यत् कालमे इस अर्थमे হ धातुका प्रयोग होता है, जैसे,— আমি হইব मैं हूँगा, তুমি হইবে तुम होगे, এ মাসেই তাহার ছেলে হইবে इसी महीनेमें उसको लड़का होगा।

जहाँ विशेष्य और विशेषणसे या सम्बन्ध और सम्बन्धीसे वाक्य पूरा होता है वहाँ আছ্ या হ धातुके वर्तमान कालके रूप बिल्कुल लुप्त हो जाते है। जैसे—তিনি অসুস্থ वे बीमार हैं, লোকটা বড খারাপ वह आदमी बड़ा खराब है, কাপড ময়লা कपड़ा मैला है, তুই কাল কালো, तू काला है, পশুর চারি পা जानवरके चार पैर हैं, মানুষের দুই হাত मनुष्यके दो हाथ हैं।

निषेधवाचक না (नहीं) लगनेसे আছ্ धातुके वर्तमान कालके सब रूपोंके बदले নাই होता है। जैसे,—তাহার কান নাই उसके कान नहीं हैं, আমার বই নাই मेरे पास किताब

हलन्त थाक् [रहना] धातु

अनुज्ञा

	उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	अन्य पुरुष
	—	थाक (थाको) रहो	थाकुक, थाक् ॰ रहे
आ॰ अ॰	—	थाकुन रहिये	थाकुन वे रहें
निरा॰ अ॰	—	थाक् तू रह	—

अन्यान्य कालोंमे कर् धातुके तुल्य रूप है। परन्तु इसके पूर्ण, सन्दिग्ध और अपूर्ण भूतके रूपों का प्रयोग प्रायः नहीं देखा जाता। भूत कालमें थाक् धातुके वदले वह् [रहना] धातुका व्यवहार ही अधिक है। जैसे,—राम काल आमादेव एखाने रहिल [थाकिल] ना। [राम कल हमारे यहाँ नहीं रहा]।

हलन्त आछ् [होना] धातु

सामान्य वर्तमान

	उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	अन्य पुरुष
	आछि मैं हूँ	आछ आछो, हो	आछे वह है
आदर अर्थमे	—	आछेन आप हैं	आछेन वे हैं
निरादर अर्थमे	—	आछिस् तू है	—

---

* अनुज्ञाके अन्य पुरुषमे थाकुक के वदले थाक् का ही व्यवहार अधिक है। जैसे—तोमार छेले आज आमादेव वाडीते 'थाक्' तुम्हारा लड़का आज हमारे घरमे रहे, 'थाक्', आज निव ना रहने दो, आज नहीं लूंगा।

इकार-युक्त है उनके रूप लिख् धातुकी तरह हैं अर्थात् उन उन स्थानोंमें इकारके बदले एकार हो सकता है।

हलन्त শুন্ (सुनना) धातु

सामान्य वर्तमान

	उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	अन्य पुरुष
	শুনি सुनता हूँ	শুন, শোন * शोनो	শুনে, শোনে
आदर अर्थमें	—	শুনেন, শোনেন	শুনেন, শোনেন
निरादर अर्थमे	—	শুনিস্ तू सुनता है	—

अनुज्ञा

	—	শোন (शोनो) सुनो	শুনুক
आ० अ०	—	শুনুন सुनिये	শুনুন
निरा० अ०	—	শোন্ तू सुन, শুনিস্ तू सुनना	—

और सब कालोंमें कर् धातुके तुल्य रूप हैं। जहाँ जहाँ শু के उकारके स्थानमें ओकार हो सकता है वह दिखाया गया है। इनके सिवाय और कहीं ओकार नहीं होता, सर्वत्र শু ही रहता है।

তুল্ (उठाना), কুট্ (कूटना), ফুট্ (खिलना), খুঁড্ (खोदना), খুল্ (खोलना), পুঁত্ (गाड़ना), ঢুক্ (घुसना), চুষ্ (चूसना), ছুল্ (छीलना), পুড্ (जलना), যুড্ (जोड़ना), ঝুল্ (झूलना), ঘুর্ (घुमना), খুঁজ্ (ढूँढ़ना), মুছ্ (पोंछना), ছুড্ (फेंकना), ভুল্ (भूलना), বুঝ্ (समझना) आदि जिन दो अक्षरवाले धातुओंके आदिका अक्षर उकार-युक्त है उनके

---

* শোন, শোনে आदि ओकारयुक्त रूपोंका ही प्रयोग अधिक है।

नहीं है, তিনি এখানে নাই वे यहाँ नहीं हैं, তুমি এখনও ঘুমাও নাই ? तुम अभी तक सोये नहीं हो, কেবল আমিই তোমাদের দলে নাই सिर्फ मैं ही तुम्हारे दल मे नहीं हूँ।

हलन्त लिथ् (लिखना) धातु

सामान्य वर्तमान

	उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	अन्य पुरुष
	लिथि मैं लिखता हूँ	लिथ, लेथ ❀	लिथे, लेथे
आदर अर्थमें	—	लिथेन, लेथेन	लिथेन, लेथेन
निरादर अर्थमें	—	लिथिस् तू लिखता है	—

अनुज्ञा

	—	लेथ (लेखो) लिखो	लिथुक
आ० अ०	—	लिथुन लिखिये	लिथुन
निरा० अ०	—	लेथ् तू लिख, लिथिस् † लिखना	—

और सब कालोमे कर् धातुके तुल्य रूप हैं। जहाँ जहाँ लि के इकारके स्थानमे एकार हो सकता है वह ऊपर दिखाया गया है। इनके सिवाय और कहीं एकार नहीं होता।

किन् खरीदना, घिर् घेरना, मिल् जुटना, मिलना, गिल् निगलना, पिष् पीसना, छिँड् फाड़ना, भिज् भींगना, शिथ् सीखना आदि जिन दो अक्षरवाले धातुओंके आदिका अक्षर

❀ लेथ, लेथे आदि एकारयुक्त रूपोंका ही व्यवहार अधिक है।

† अनुज्ञामें लिथिस्, करिस्, आदि भविष्यत् अर्थमें होता है।

	उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	अन्य पुरुष
आदर अर्थमें—		বহেন, ব'ন आप ढोते हैं	বহেন ব'ন वे····
निरादर अर्थमे—		বহিস্, ব'স্ तू ढोता है	—

अनुज्ञा

	उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	अन्य पुरुष
	—	বহ, বও ढोओ	বহুক, বউক वह ढोये
आ० अ० —		বহুন, বউন, ব'ন ढोयें	বহুন, বউন, ব'ন
निरा० अ०—		ব, বহিস্, বস্ तू ढो	—

अन्यान्य कालोंमें কব্ धातुके तुल्य है। सामान्य वर्तमान और अनुज्ञामें বহ্ धातुके बदले विकल्पमें ব होता है और अकारान्त হ धातुकी तरह इसके रूप होते हैं। इन दोनों कालोंमें ব धातुके रूपोंका ही व्यवहार अधिक है।

কহ্ कहना, সহ্ सहना, রহ্ रहना, आदि হ্ कारान्त धातुके रूप ठीक বহ্ धातुकी तरह हैं।

हलन्त দ্ देना, धातु

सामान्य वर्तमान

	उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	अन्य पुरुष
	দি, দিই, দেই * देता हूँ,	দেও, দাও देते हो	দেয় वह...
आदर अर्थमें—		দেন आप देते हैं	দেন वे....
निरादर अर्थमें—		দিস্ तू देता है	—

* দ্ धातु किसी किसी स्थानमें एकारान्त দে हो जाता है। দেও के बदले দাও का प्रयोग आजकल अधिक है। अनुज्ञामे দিউক, দিউন संक्षिप्त होकर आजकल দিক্, দিন্ हो गये हैं।

रूप शुन् धातुके अनुरूप हैं अर्थात् शुन् धातुके जिन जिन स्थानोंमें शु के उकारके बदले ओकार हुआ है इन धातुओंके भी उन उन स्थानोंमें उकारके बदले ओकार होगा।

हलन्त চাহ্ [ताकना, माँगना] धातु

सामान्य वर्तमान

उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	अन्य पुरुष
চাহি, চাই [माँगता हूँ]	চাহ चाहो, চাও	চাহে, চায
आदर अर्थमे—	চাহেন, চান	চাহেন, চান
निरादर अर्थमे—	চাহিস্, চাস্ तू ताकता या माँगता है	

अनुज्ञा

	চাহ चाहो, চাও ताको माँगो,	চাহুক, চাউক, চা'ক
आ० अ०—	চাউন, চান	চাউন, চান
निरा अ०—	চা, চাস্ तू ताक् या माँग्	

अन्यान्य कालोंमें कर् धातुके तुल्य है। सामान्य वर्तमान और अनुज्ञामे চাহ্ धातुके बदले विकल्पमे চা हो जाता है और आकारान्त খা धातुकी तरह इसके रूप होते हैं। इन दोनों कालोंमें চা धातुके रूपोंका ही व्यवहार अधिक है।

গাহ্ गाना, धातुके रूप ठीक চাহ্ धातुकी तरह हैं।

हलन्त বহ্ (ढोना, बहना) धातु

सामान्य वर्तमान

বহি, বই ढोता हूँ, বহ, বও ढोते हो বহে, বয ढोता है

सामान्य भूत

	उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	अन्य पुरुष
	হইলাম (मैं हुआ)	হইলে तुम हुए	হইল वह हुआ
आ० अ०	—	হইলেন आप हुए	হইলেন वे हुए
निरा० अ०	—	হইলি तू हुआ	—

आसन्न भूत

	হইযাছি मैं हुआ हूँ	হইযাছ हुए हो	হইযাছে वह हुआ है
आ० अ०	—	হইয়াছেন आप हुए हैं	হইযাছেন वे हुए हैं
निरा० अ०	—	হইযাছিস্ तू हुआ है	—

पूर्णभूत

	হইযাছিলাম मैं हुआ था	হইযাছিলে -हुए थे	হইয়াছিল -था
आ० अ०	--	হইয়াছিলেন आप हुए थे	হইযাছিলেন वे हुए थे
निरा० अ०	—	হইযাছিলি तू हुआ था	—

सन्दिग्ध भूत

	হইয়া থাকিব हुआ हूँगा	হইযা থাকিবে	হইযা থাকিবে
आ० अ०	—	হইযা থাকিবেন आप हुए होंगे	হইয়া থাকিবেন
निरा० अ०	—	হইযা থাকিবি तू हुआ होगा	—

अपूर्ण भूत

	হইতেছিলাম मैं हो रहा था	হইতেছিলে रहे थे	হইতেছিল -रहा था
आ० अ०	—	হইতেছিলেন आप हो रहे थे	হইতেছিলেন वे—
निरा० अ०	—	হইতেছিলি तू हो रहा था	—

तात्कालिक वर्तमान

	उत्तम पुरुप	मध्यम पुरुप	अन्य पुरुप
	দিতেছি (दे रहा हूँ)	দিতেছ (रहे हो)	দিতেছে (वह—)
आ० अ०	—	দিতেছেন (आप दे रहे हैं)	দিতেছেন (वे—)
निरा० अ०	—	দিতেছিস্ (तू दे रहा है)	—

भूत और भविष्यत् कालके रूप কর্ धातुकी तरह हैं

अनुज्ञा

	—	দেও, দাও (दो)	দিক্ (दे)
आ० अ०	—	দিন (आप दीजिये)	দিন (वे दें)
निरा० अ०	—	দে, দিস্ (तू दे)	—

अकारान्त হ होना धातु

सामान्य वर्तमान

	হই (हूँ)	হও (हो)	হয় (है)
आदर अर्थमे—		হয়েন, হ'ন * (आप हैं)	হয়েন, হ'ন (वे हैं)
निरादर अर्थमे—		হইস, হস্ (तू है)	—

तात्कालिक वर्तमान

	হইতেছি (हो रहा हूँ)	হইতেছ (हो रहे हो)	হইতেছে
आ० अ०	—	হইতেছেন (हो रहे हैं)	হইতেছেন
निरा० अ०	—	হইতেছিস্ (तू हो रहा है)	—

---

* स्वरान्त धातुमे এন के स्थानमे যেন हो जाता है। হযেন, হইস্ संक्षिप्त होकर आजकल হন, হস্ हो गये हैं। अकारान्त ল (लेना) धातुके रूप হ धातुकी तरह हैं।

বই 'নয়' (यह मेरी किताब नहीं है), তিনি শোকে ব্যাকুল 'হন না' (वे शोकसे नहीं घबराते), আপনি কি যাইতে ইচ্ছুক ন'ন ? (क्या आप जानेके इच्छुक नहीं हैं या जाना नहीं चाहते?)। इन उदाहरणोंसे यह स्पष्ट हुआ कि হই না, হয় না, হন না आदि रूप 'स्वभाव' अर्थ और নই, নয়, নন आदि रूप 'वर्तमान' अर्थ प्रकाश करते हैं।

आकारान्त খা (खाना) धातु *

सामान्य वर्तमान

	उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	अन्य पुरुष
	খাই मैं खाता हूँ	খাও तुम खाते हो	খায় वह खाता है
आदर अर्थमे—		খান आप खाते हैं	খান वे खाते हैं
निरादर अर्थमे—		খাস্ तू खाता है	—

अनुज्ञा

	—	খাও तुम खाओ	খাক্ वह खाय
आ० अ० —		খান आप खायँ	খান वे खायँ
निरा० अ०—		খা, খাস্ तू खा	—

---

* খা धातुके सिवाय আগলা, আটকা, উপড়া, উঠা, হাবা, চিবা आदि सब आकारान्त धातुओंके रूप খা धातुकी तरह हैं। परन्तु চূয়া (चूना), ছিঁড়িয়া যা फट जाना आदि जिन धातुओंका मनुष्य कर्ता नहीं हो सकता उनके केवल अन्य पुरुषके साधारण अर्थके ही रूप होते हैं, आदर अर्थ तथा निरादर अर्थके रूप नहीं होते। हलन्त, अकारान्त, आकारान्त आदि धातुओंकी सूची इस पुस्तकके ११४ से १२७ पृष्ठोंमें है।

हेतुहेतुमद् भूत

	उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	अन्य पुरुष
	হইতাম मैं होता	হইতে तुम होते	হইত वह होता
आ० अ०	—	হইতেন आप होते	হইতেন वे होते
निरा० अ०	—	হইতিস্ तू होता	—

भविष्यत्

	হইব मैं हूँगा	হইবে तुम होगे	হইবে वह होगा
आ० अ०	—	হইবেন आप होंगे	হইবেন वे होंगे
निरा० अ०	—	হইবি तू होगा	—

अनुज्ञा

	—	হও तुम हो	হউক, হ'ক * वह हो
आ० अ०	—	হউন, হ'ন आप हों	হউন, হ'ন वे हों
निरा० अ०	—	হ, হইস, হ'স্ तू हो	—

निषेधार्थक না लगने पर হ धातुके वर्तमान कालके रूप कहीं कहीं बदल जाते है। जैसे,—হই না=নই, হও না = নও, হয়েন না = নহেন, হ'ন না = ন'ন, হইস या হ'স না = নস, হয় না = নয়। इन दोनों प्रकारके रूपोंके अर्थोंमे बहुत अन्तर है। जैसे,—আমি সহজে অসুস্থ 'হই না' (मै जल्दी बीमार नहीं होता), এ সর্ত্তে আমি বাজি 'নই' (इस शर्तमे मैं राजी नहीं हूँ), এ আমার গাছে ফল 'হব না' (इस पेड़में फल नहीं होता), এ আমার

---

* स्वरान्त धातुके উক, উন आदिका উ लुप्त करके आजकल হোক या হ'ক, হন, খাক, খান इस तरहके रूप ही अधिक इस्तेमाल होते हैं।

	उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	अन्य पुरुष
आ० अ०—		গিয়া থাকিবেন आप गये होंगे	গিয়া থাকিবে वे गये होंगे
निरा० अ०—		গিযা থাকিবি तू गया होगा	—

अन्यान्य कालोंके रूप था धातुकी तरह हैं।

उकारान्त শু (लेटना, सोना) धातु

सामान्य वर्तमान

	শুই मै लेटता हूं	শোও * तुम लेटते हो	শোয वह लेटता है
आदर अर्थमे —		শোন आप लेटते हैं	শোন वे लेटते हैं
निरादर अर्थमें—		শুস् तू लेटता है	—

अनुज्ञा

	—	শোও तुम लेटो	শুক् वह लेटे
आ० अ० —		শোন आप लेटें	শোন वे लेटें
निरा० अ०—		শো तू लेट	—

छूँ (छूना), धू (धोना) आदि उकारान्त धातुके रूप শু धातु की तरह हैं।

वाच्य

वाच्य तीन प्रकारके हैं, जैसे—कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य और भाववाच्य †।

---

* वर्तमान और अनुज्ञामें শু के वदले जहाँ जहाँ শো हो सकता है वह ऊपर दिखाया गया है। अन्य सर्वत्र শু ही रहेगा। इसी प्रकार और और उकारान्त धातुओंके सम्बन्धमे भी समझना चाहिये।

† वंगलामें कर्मवाच्य और भाववाच्यका प्रयोग वहुत ही कम है। जैसे-

आकारान्त या (जाना) धातु

सामान्य भूत

उत्तम पुरुष	मध्यम पुरुष	अन्य पुरुष
যাইলাম, গেলাম * गया	যাইলে, গেলে गये	যাইল, গেল गया
आदर अर्थमें —	যাইলেন, গেলেন	যাইলেন গেলেন
निरादर अर्थमें—	যাইলি, গেলি तू गया	—

आसन्न भूत

গিযাছি मैं गया हूँ	গিযাছ तुम गये हो	গিযাছে वह गया
आ० अ० —	গিয়াছেন आप गये हैं	গিযাছেন वे गये हैं
निरा० अ०—	গিযাছিস तू गया है	—

पूर्ण भूत

গিযাছিলাম मैं गया था	গিযাছিলে तुम गये थे	গিযাছিল वह गया था
आ० अ० —	গিয়াছিলেন आप गये थे	গিয়াছিলেন वे गये थे
निरा० अ०—	গিয়াছিলি तू गया था	—

सन्दिग्ध भूत

গিয়া থাকিব मैं गया हूँगा†	গিযা থাকিবে होगे	গিয়া থাকিবে होगा

---

* या धातुके सामान्य भूतमें या के स्थानमे ग तथा आसन्न भूत, पूर्ण भूत और सन्दिग्ध भूतोंमें ग् आदेश होता है। ग के आकारके साथ विभक्तिके इकारकी सन्धि होकर एकार हो जाता है। যাইলাম, যাইল आदि रूपोंका व्यवहार बहुत कम है। कोई कोई कवितामें इनका व्यवहार करते हैं।

† যাইয়াছিলাম, যাইয়া থাকিব आदि रूप बन सकते हैं; परन्तु इनका व्यवहार बहुत कम है।

भी कर्ता हो सकता है। भाव-वाच्य में क्रिया सदा ही अन्य पुरुषकी रहती है।

प्रेरणार्थक क्रिया

कर्ता जहाँ किसीको प्रेरणा देकर कार्य कराता है वहाँ प्रेरणार्थक क्रिया इस्तेमाल होती है। जैसे,—আমি ললিতকে দিয়া চিঠি 'লিখাইয়াছিলাম' (मैंने ललितसे चिट्ठी लिखवायी थी), তিনি ভৃত্য দ্বারা কাজ 'করান' (वे नौकरसे काम कराते हैं), সে চাকরাণীকে দিয়া বাসন মাজাইবে।

हलन्त धातुमे आकार जोड़नेसे प्रेरणार्थक धातु बनता है। इस प्रकारसे प्रेरणार्थक धातु बनानेपर मूल धातुमें कहीं कहीं कुछ कुछ परिवर्तन होता है। जैसे,—

हलन्त धातु	क्रिया		प्रेरणार्थक धातु	क्रिया	
উঠ্ *	উঠিতেছি	उठितेछि	উঠা	উঠাইতেছি	उठाइतेछि
উড়্	উড়িতেছে	उड़ितेछे	উড়া	উড়াইতেছে	उड़ाइतेछे
কর্	করিতেছি	करितेछि	করা	করাইতেছি	कराइतेछि
বল্	বলিতেছে	बलितेछे	বলা	বলাইতেছে	बलाइतेछे
কাঁপ্	কাঁপিতেছি	कँपितेछि	কাঁপা	কাঁপাইতেছি	काँपाइतेछि
কাট্	কাটিতেছি	काटितेछि	কাটা	কাটাইতেছি	काटाइतेछि
কিন্	কিনিতেছি	किनितेछि	কেনা	কেনাইতেছি	केनाइतेछि
খুল্	খুলিতেছি	खोल रहा हूँ	খোলা	খোলাইতেছি	खुला रहा हूँ

* अर्थ सहित धातुओंकी सूची ११४ से १२७ पृष्ठोंमें देखो।

कर्तृवाच्य में कर्ता ही प्रधान है ; जैसे,—'রাম' পড়ে (राम पढ़ता है), 'সে' কাজ করিবে না वह काम नहीं करेगा।

कर्मवाच्य मे कर्मकी प्रधानता है ; जैसे,—আমা কর্তৃক 'চন্দ্র' দৃষ্ট হইতেছে (मुझसे चाँद देखा जा रहा है), ধাত্রী দ্বারা 'বালক' শায়িত হইয়াছে (धायके द्वारा लड़का लिटाया गया है)।

कर्मवाच्यके कर्तामें तृतीया और कर्ममें प्रथमा विभक्ति होती है।

कर्मवाच्यमें कर्मके पुरुषके अनुसार क्रिया बदलती है। जैसे,—আমা দ্বারা 'তিনি' দৃষ্ট 'হইতেছেন' (मुझसे वे देखे जा रहे हैं), শিক্ষক কর্তৃক 'আমি' প্রহৃত (प्रहृतो) 'হইয়াছি' (शिक्षकके द्वारा मैं पीटा गया हूँ)।

भाववाच्य में क्रियासे केवल धातुका अर्थ ही प्रकाशित होता है। क्योंकि अकर्मक क्रियाका ही भाववाच्य होता है, इसलिए भाववाच्यमें कर्म रहता ही नहीं और कर्ता भी प्रायः लुप्त रहता है। जैसे,—শয়ন করা হইতেছে (लेटा जा रहा है), এখন বাজারে যাওয়া হউক या যাক (अब बाजार जाया जाय)। इन दोनों वाक्योंमें আমার, তোমার, তাহার, আপনার आदि कोई

मुझसे रोटी नहीं खायी जाती—আমার দ্বারা রুটি ভক্ষিত হইতে পারে না इसके बदले আমি রুটি খাইতে পারি না। और तुमसे रोया नहीं जाता—তোমার দ্বারা কাঁদা যায় না इसके बदले তুমি কাঁদিতে পার না—ऐसे कर्तृवाच्यके प्रयोग ही बंगलामें अधिक प्रचलित है।

सारे हलन्त और आकारान्त धातुओंसे प्रेरणार्थक धातु नहीं बनते।

आगला, आटका, উপড়া, আউটা, গড়া, ধমকা, নিংড়া, তাড়া, পাঠা, শুধরা आदि कुछ आकारान्त मूल धातु खुद ही प्रेरणार्थक रूपसे इस्तेमाल होते हैं। जैसे—আমি চাকর পাঠাইয়াছি (मैंने नौकर भेजा है); प्रेरणार्थक—কাল তিনি ছেলেকে দিয়া আমার কাছে বই 'পাঠাইয়াছিলেন' (कल उन्होंने लड़के से मेरे पास किताब भेजवायी थी), কুকুরটাকে তাড়াও (कुत्तेको भगाओ), प्रेरणार्थक—আমাদের গ্রামের জমিদার দারোয়ানদের দিয়া ডাকাত 'তাড়াইয়াছিলেন' (हमारे गाँवके जमींदारने दरवानोंके द्वारा डाकुओंको भगाया था)।

अकर्मक धातुसे उत्पन्न प्रेरणार्थक क्रिया सकर्मक हो जाती है। जैसे—

अकर्मक—মেয়েটী কাঁদিতেছে लड़की रो रही है।

प्रेरणार्थक—সে তার 'মেয়েটীকে' নিরর্থক কাঁদাইতেছে वह अपनी लड़कीको व्यर्थ ही रुला रही है।

अकर्मक—সে নিজেই উঠিবে वह स्वयं ही उठेगा।

प्रेरणार्थक—আমি 'তাহাকে' উঠাইব मैं उसे उठाऊँगा।

अकर्मक क्रियाका कर्ता ही प्रेरणार्थकमें कर्म हो जाता है।

सकर्मक धातुसे उत्पन्न प्रेरणार्थक क्रिया द्विकर्मक हो जाती है। जैसे,—

सकर्मक—আমি 'ব্যায়াম' শিখিতেছি [मैं कसरत सीखता हूँ]

হলন্ত ধাতু	ক্রিয়া	প্রেরণার্থক ধাতু	ক্রিয়া
পড়্	পড়িতেছি पढ़ रहा हूँ	পড়া	পড়াইতেছি पढ़ा रहा हूँ
কম্	কমিতেছে घट रहा है	কমা	কমাইতেছে घटा रहा है
ঢুক্	ঢুকিতেছে घुस रहा है	ঢোকা	ঢোকাইতেছে घुसा रहा है
ছুল্	ছুলিতেছে छील रहा है	ছোলা	ছোলাইতেছে छिला रहा है
পুড়্	পুড়িতেছে जल रहा है	পোড়া	পোড়াইতেছে जला रहा है
মিল্	মিলিতেছে मिल रहा है	মিলা	মিলাইতেছে मिला रहा है
ঝুল্	ঝুলিতেছে लटक रहा है	ঝুলা	ঝুলাইতেছে लटका रहा है
দেখ্	দেখিতেছে देख रहा है	দেখা	দেখাইতেছে दिखा रहा है
ডাক্	ডাকিতেছে बुला रहा है	ডাকা	ডাকাইতেছে बुलवा रहा है

स्वरान्त धातुमें ওয়া जोड़कर प्रेरणार्थक धातु बनाया जाता है। यहाँ भी मूल धातुमें कुछ परिवर्तन होता है। जैसे,—

স্বরান্ত ধাতু	ক্রিয়া	প্রেরণার্থক ধাতু	ক্রিয়া
হ	হইল (लो)	হওয়া	হওয়াইল (लो)
ল	লইল लिया	লওয়া	লওয়াইল लिवाया
খা	খাইল खाया	খাওয়া	খাওয়াইল खिलाया
যা	যাইল गया	যাওয়া	যাওয়াইল
পা	পাইবে पायेगा	পাওয়া	পাওয়াইবে प्राप्त करायगा
গা	গাইবে गायेगा	গাওয়া	গাওয়াইবে गवायेगा
শু	শুইবে लेटेगा	শোওয়া	শোওয়াইবে लिटायेगा
ধু	ধুইবে धोयेगा	ধোওয়া	ধোওয়াইবে धुलायेगा
ছুঁ	ছুঁইবে छूएगा	ছোঁওয়া	ছোঁওয়াইবে छुलायेगा

করিতেছ না? तुम्हें बार बार मना किया तो भी तुम क्यों नहीं कुसंग छोड़ते? বার বার জিজ্ঞাসা 'করিতেছি' তথাপি কেন উত্তর দিতেছ না? तुमसे मैंने बार बार पूछा तथापि क्यों नहीं जवाब देते?

যদি, যেন, যতক্ষণ आदि शब्दोंके योगसे भविष्यत्‌में भी वर्तमानका प्रयोग होता है; जैसे—যদি আপনি আমার সঙ্গে 'আসেন' তবে বড় উপকৃত 'হই' यदि आप मेरे साथ आवें तो बड़ा उपकृत हूँगा, যেন * জন্মান্তরে তোমার মত গুণের দেবর 'পাই' परमात्मा करें, अगले जन्ममें मुझे तुम्हारे ऐसे गुणवान् देवर प्राप्त हों, কাল যেন আপনি আমাদের বাড়ী একবার 'আসেন' कृपया कल आप हमारे मकानपर एक बार आइयेगा, তুমি যতক্ষণ আমার নিকটে 'থাক' ততক্ষণ তোমার কোন ভয় নাই जब तक तुम मेरे पास रहोगे तब तक तुम्हे कोई डर नहीं है।

अतीतको वर्तमानमें प्रत्यक्षवत् दिखानेके लिए कभी कभी अतीतके स्थानमे वर्तमानका प्रयोग होता है। जैसे,—যখন রাম, সীতা ও লক্ষ্মণের সহিত বনে 'যান' তখন অযোধ্যায় এমন একজন লোকও ছিল না যে কাঁদে নাই जब राम, सीता और लक्ष्मणके साथ वनमें जाने लगे तब अयोध्यामे ऐसा एक भी आदमी नहीं था जो न रोया हो, মুসলমান রাজত্বের সময়

---

* যেন शब्दका साधारण अर्थ 'मानो' है। जैसे—তিক্ত যেন নিম ऐसा कडुआ मानो नीम है, সাদা যেন দুধ ऐसा सुफेद मानो दूध है।

द्विकर्मक—আমি 'তাহাকে' আমার আখড়ায় 'ব্যায়াম' শিখাইতেছি—मैं उसे अपने अखाड़ेमे कसरत सिखाता हूँ

सकर्मक—সে 'ইংরাজী' পড়ে वह अंग्रेजी पढ़ता है

द्विकर्मक—আমি 'তাহাকে' 'হিন্দী উপন্যাস' পড়াই मैं उसे हिन्दी उपन्यास पढ़ाता हूँ

द्विकर्मक धातुसे उत्पन्न प्रेरणार्थक क्रिया द्विकर्मक ही रहती है। जैसे—

द्विकर्मक—আমি গ্রামের দুইজন 'অন্ধকে' 'কাপড়' দিলাম मैंने गाँव के दो अन्धों को कपड़ा दिया

प्रेरणार्थक—বাবা আমাকে দিয়া 'অন্ধকে' 'কাপড়' দেওয়াইলেন पिताजीने मुझसे अन्धेको कपड़ा दिलवाया।

धातु-विभक्तिके प्रयोग

अनुरोध अर्थमे भविष्यत्का प्रयोग होता है; जैसे,—অনুগ্রহ করিয়া তাহাকে আমার এই কথা 'বলিবেন' कृपया उससे मेरा यह बात कह दीजियेगा।

विधि अर्थमे भी भविष्यत्का प्रयोग होता है। जैसे,—সদা সত্য কথা 'বলিবে' सदा सत्य बोलना चाहिये, পিতা-মাতার কথা 'শুনিবে' पिता-माताकी बात माननी चाहिये, পরিমিত আহার 'করিবে' परिमित भोजन करना चाहिये।

पुनः पुनः, बार बार आदि शब्दोंके योगसे कभी कभी भूत कालमें वर्तमानका प्रयोग होता है। जैसे,—তোমাকে পুনঃ পুনঃ নিষেধ 'করিতেছি' তথাপি তুমি কেন কুসংসর্গ ত্যাগ

हइते लागिल बार बार या जल्दी जल्दी तोपकी आवाज होने लगी ; 'घन घन' श्वशुरबाडी याओया भाल नय बार बार .या शीघ्र शीघ्र ससुराल जाना अच्छा नहीं है।

कुछ सप्तमी विभक्तियुक्त पद क्रियाविशेषणके रूपमे इस्तेमाल होते हैं ; जैसे,—

'सुखे' थाक [सुखसे रहो]
'वेगे' दौडिल [तेजीसे दौड़ा]
'गज-गमने' चलिल [हाथीकी चालसे चला]
'आनन्दे' करिबे पान [आनन्द से पियेगा]
'आदरे' पालन कर [आदर से पालो]
सकले 'कुशले' आछेन त ? [सब लोग कुशलसे तो हैं ?]
'पुलके' शिहरे अङ्ग [हर्षसे शरीर सिहरता है].
'अविलम्बे' रथ प्रस्तुत कर [तुरन्त रथ तयार करो]
'त्वराय' आसिया उपनीत हइल [जल्दी आ पहुँचा]
अविरल 'धाराय' बृष्टि पडितेछे [अविच्छेद धारासे या लगातार पानी बरस रहा है]।

क्रियावाचक विशेष्यके बाद मात्र शब्द लगा कर भी क्रियाविशेषण बनाया जाता है। जैसे,—तिनि 'शुनिबामात्र' उठिलेन [वे सुनते ही उठे], से बाघ 'देखिबामात्र' चीत्कार करिया उठिल [वह शेरको देखते ही चिल्ला उठा]।

करिया, दिया, पूर्व्वक, पुरःसर आदि कुछ शब्दोंके योगसे भी क्रिया-विशेषण बनते हैं। जैसे—

ইংরেজেরা এদেশে 'আসেন' मुसलमानोंके शासनकालमें अंग्रेज लोग इस देशमें आये थे।

क्रिया-विशेषण

जो शब्द क्रियाकी हालत जाहिर करता है उसे क्रिया-विशेषण कहते हैं। जैसे,—'হঠাৎ' পড়িয়া গেল [अचानक गिर पड़ा], 'শীঘ্র' এস (जल्दी आओ), এখানে বস [यहाँ बैठो)।

সত্বর [जल्दी], অবশ্য, সতত, সদা, সর্ব্বদা, নিরন্তর (सदा), নিয়ত (सदा), প্রায়, সহসা (अचानक) অকস্মাৎ, যুগপৎ (एकसाथ), আবার (फिर), আস্তে [धीरे], ক্রমশঃ, পুনরায [फिर], পুনর্ব্বার [फिर], প্রায়শঃ, বারবার, বারংবার [वारंवार] आदि बहुतसे अव्यय शब्द क्रियाविशेषणके रूपमे इस्तेमाल होते हैं। जैसे;—আমি আজ 'আবার' যাইব [मै आज फिर जाऊँगा], 'সদা' সত্য কথা বলিবে [सदा सत्य बोलना चाहिये], ধীরে ধীরে এস [धीरे धीरे आओ]।

আস্তে আস্তে, ধীরে ধীরে, পুনঃ পুনঃ [बार बार], অল্পে অল্পে [थोड़ा थोड़ा करके], ক্রমে ক্রমে [क्रमशः], কানে কানে [कानोंमे], মুহুর্মুহু [वारंवार], বার বার, ঘন ঘন [पास पास, वार वार], মন্দ মন্দ [धीरे धीरे], आदि कुछ युग्म अव्यय शब्द क्रिया-विशेषण हैं। जैसे,—সে তোমার 'কানে কানে' কি বলিল? [उसने तुम्हारे कानोंमें क्या कहा ?], 'মন্দ মন্দ' বাতাস বহিতেছে [धीरे धीरे हवा चल रही है], 'ঘন ঘন' তোপধ্বনি

ইতি	इति	নচেৎ, নতুবা नतुबा	नहीं तो
একান্ত (-अ)	एकान्त, अत्यन्त	নয, না, নহে	नहीं
একান্তই	इतना अनुरोध करने पर भी	নিতান্ত (-अ)	अत्यन्त
		নিরন্তব	सदा
কাজে কাজেই	इसी कारण	পরন্তু	परन्तु
কি	क्या	পুনঃ পুনঃ	बार बार
কিন্তু (किन्तु)	परन्तु	পুনশ্চ, পুনরায়, পুনর্ব্বাব	फिर
কেবল (केवल)	सिर्फ	প্রায	प्रायः
কোথা	कहाँ	ববাবর	बराबर
ক্রমশঃ, ক্রমে ক্রমে	क्रमसे	বার বাব, বারংবার	बार बार
খামকা	वृथा, बिना कारण	ভাগ্যে	भाग्यसे
গর	गैर	ভূয়োভূয়ঃ, মুহুর্মুহুঃ	बार बार
চট্‌পট্‌	तुरन्त	যৎপরোনাস্তি	अत्यन्त
ঝট	झट	যথা जथा	यथा, जैसे
ঝটিতি	जल्दी	যদবধি जदबधि	जबसे
ত, তো	तो	যদি जदि	अगर
তথা	वहाँ, वैसे	যদ্যপি, যদিও, যদিচ	यद्यपि
তথাচ, তথাপি	तो भी	যাবৎ जावत	जबतक
তবে (तबे)	तो, तब	যুগপৎ (जुगपत्)	एकसाथ
তদবধি (तदबधि)	तबसे, तबतक	যেন (जैनो)	मानो, तरह
তাবৎ (तावत्)	तबतक	সহসা (शाहशा)	अचानक
দৈবাৎ (दइबात्)	दैवयोगसे	সুতরাং (शुतरां)	अतः, सुतराम्

তোমরা 'ভাল করিয়া' পড তुम लोग अच्छी तरह पढ़ो।
তেল 'অল্প করিয়া' লও तेल थोड़ा थोड़ा करके लो।
সকলে 'মন দিয়া' শুন सब लोग मन लगाकर सुनो।
আমি 'বিনয় পূর্ব্বক' কহিলাম [मैंने विनयके साथ कहा]
রাম ভরতকে 'সস্নেহ-সম্ভাষণ পুরঃসর' কহিতে লাগিলেন
[राम भरतसे स्नेह-सम्भाषण कर कहने लगे]।

अव्यय

जो शब्द सब लिंगों, वचनों और विभक्तियोंमें एकसा रहता है, उसे अव्यय कहते हैं। * कुछ अव्यय शब्दोंकी सूची नीचे दी जाती है। उनमेंसे कुछ अव्यय क्रिया-विशेषण भी हैं।

অকস্মাৎ [अकस्मात्]	अचानक	অবশ্য [अवश्य-अ]	जरूर
অন্ততঃ (-अ)	कमसे कम	আচম্বিতে आचम्बिते	अचानक
অপিচ अपिच-अ	और भी	আবার	फिर
অবধি § अवधि	से, तक	আস্তে आस्ते	धीरे

* যথা, তথা, কোথা आदि कुछ अव्यय शब्दोंके आगे विभक्ति भी बैठती है। जैसे,—'যথায়, (যেখানে) ইচ্ছা রাখিতে পার (जहाँ चाहो रख सकते हो), সে 'তথা হইতে' চলিয়া গিয়াছে (वह वहाँसे चला गया है), 'কোথায়' বসিব ? [कहाँ बैठूँगा ?]।

§ অবধি शब्द 'से, और 'तक' इन दोनों अर्थोंमे इस्तेमाल होता है जैसे,— প্রাতঃকাল 'অবধি' সন্ধ্যা পর্য্যন্ত सुबहसे शाम तक, ১১ টা 'অবধি' বসিয়া ছিলাম [११ बजे तक मै बैठा था]।

কষ্ট পাইতেছি (सिरके दर्दके कारण बड़ा कष्ट पा रहा हूँ), তোমার 'দোহাই' [तुम्हारी दुहाई], চাকরকে 'দিয়া' করাও [नौकरसे कराओ], তাহার 'দ্বারা' এ কাজ হইবে না [उससे यह काम नहीं होगा], আপনাকে 'ধিক্' [आपको धिक्कार है], বিবাহের 'নিমিত্ত' দিন স্থির কর [विवाहके लिए दिन ठीक करो], তোমার ব্যবহার পশুর ন্যায়' [तुम्हारा वर्ताव पशुकी तरह है], আমার 'পানে' তাকাও [मेरी ओर ताको], কুকুর ভাল্লুকের 'পিছু পিছু' ছুটিল [कुत्ता भालूके पीछे पीछे दौड़ा], আমি কাহারও 'প্রতি' খারাপ ব্যবহার করি না [मैं किसीसे बुरा वर्ताव नहीं करता], তোমার 'মত' আমি সুখী নই [तुम्हारे ऐसा मैं सुखी नहीं हूँ], কাহার 'মারফতে' টাকা পাঠাইলে ? [किसके मारफत रुपया भेजा ?], তোমার 'সঙ্গে' যাইব না [तुम्हारे साथ नहीं जाऊँगा], কাহার সহিত ঝগড়া করিয়াছ ? [किससे लड़े हो]।

कुछ अव्यय भावबोधक हैं। जैसे,—অবাক্, অহো, আ, আঃ, আহা, আহাহা, আমরি, ইঃ, ইস্, ইহিহি, উঃ, উহু, উহুহু, ওঃ, ওমা, ওবাবা, ওহো, কি, ক্যাবাৎ ছি, ছিঃ, ছিছি, দূ, দুয়ো, দূর, দূর দূর, দোহাই, ধন্য, ধন্য ধন্য, ধিক্, পুঃ, বলিহারি, বলিহারি যাই, বহুত আচ্ছা, বাপ্ , বাপ্‌রে বাঃ, বা, বাহবা, বেশ, বেশ বেশ, মরিমরি, মহাভারত, মাগো, মাগো মা, যাই, রামরাম, রে, সাবাস, হায়, হায়রে, হায় হায়, হায় হায় হায়, হাহা হা, হাঁরে, হাঁ, হাঁ হাঁ, হাঁ হাঁ হাঁ, হো হো হো इत्यादि।

স্বভাবতঃ স्वभावसे হাঁ हाँ
হয়ত (ह्यतो) शायद् হা, হায় हाय

कुछ अव्यय शब्द विशेषणरूपसे भी व्यवहृत होते हैं। जैसे,—তিনি 'অতি' মহৎ লোক (वे अति महान पुरुष हैं), এ বাড়ীটা 'অত্যন্ত' ছোট (यह मकान बहुत छोटा है), ইহা 'অতীব' অন্যায় বিচার (यह बहुत ही अन्याय विचार है), 'আর' একটা দোয়াত আন (एक दूसरी दावात लाओ), আমার 'যৎপরোনাস্তি' আগ্রহ সত্ত্বেও তিনি আসিলেন না (मेरे बहुत आग्रह करने पर भी वे नहीं आये); 'বৃথা' কাজে সময় নষ্ট করিও না (फजूल काममें वक्त न गँवाना); 'কিঞ্চিৎ' ক্ষুদ্র (कुछ छोटा), 'ঈষৎ' উচ্চ (थोड़ा ऊँचा), বাগান 'নানা' বৃক্ষে সুশোভিত (बगीचा विविध वृक्षोंसे सुशोभित है), তুমি 'কেমন' লোক হে ? (तुम कैसे आदमी हो जी ?)।

